दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर
RNI NO. RAJHIN/2010/35060
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 311 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर। रविवार, 14 सितंबर 2025 । आश्विन, शुक्ल पक्ष सप्तमी संवत् - 2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

## मणिपुर और मिजोरम दौरे पर पीएम मोदीः शांति, विकास और कनेक्टिविटी पर जोर

# शांति के रास्ते पर चलकर अपने सपने पूरे करेंः प्रधानमंत्री मोदी

बढ़ता राजस्थान

**/इंफाल/आइजोल** (एजेंसी) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को मणिपुर और मिजोरम की जनसभाओं में शांति और विकास का संदेश दिया। मई 2023 में जातीय हिंसा भड़कने के बाद मणिपुर की यह उनकी पहली यात्रा थी। प्रधानमंत्री ने राज्य को 'आशा और आकांक्षा की धरती' बताते हुए कहा कि हिंसा ने इस खूबसूरत क्षेत्र पर अपनी छाया डाली है, लेकिन अब नया सवेरा उग रहा है। चूड़ाचांदपुर में एक बड़ी जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, 'किसी भी जगह विकास की जड़ें जमाने के लिए शांति जरूरी है। मैं सभी संगठनों से अपील करता हूं कि शांति के रास्ते पर आगे बढ़ें और अपने सपनों को साकार करें। भारत सरकार आपके साथ है।' उन्होंने राहत शिविरों का दौरा किया और विस्थापित लोगों से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने भरोसा दिलाया कि केंद्र सरकार उनके पुनर्वास और बेहतरी के लिए हर संभव कदम उठा रही है। मोदी ने बताया कि केंद्र ने 7,300 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास किया है, जिनसे पहाड़ी और आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और कनेक्टिविटी की स्थिति सुधरेगी। चूड़ाचांदपुर में मेडिकल कॉलेज की स्थापना और आयुष्मान भारत योजना से अब तक 2.5 लाख से ज्यादा मरीजों को मुफ्त इलाज मिलने का उल्लेख भी उन्होंने किया।



### मोदी कुकी और मेइती समुदाय के विस्थापित लोगों से मिले

पीएम मोदी ने शनिवार को मणिपुर में जातीय हिंसा से प्रभावित कुकी और मेइती समुदायों के विस्थापित लोगों से मुलाकात की। उन्होंने इंफाल के कांगला किला परिसर और चूड़ाचांदपुर के पीस ग्राउंड में आंतरिक रूप से विस्थापित व्यक्तियों (आईडीपी) की चिंताएं सुनीं और उन्हें केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। मोदी ने कहा, राहत शिविरों में प्रभावित लोगों से मिलने के बाद मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि मणिपुर में आशा और विश्वास की नई सुबह उग रही है। जातीय हिंसा के कारण 60,000 से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं, जिनमें लगभग 40,000 कुकी-जो और करीब 20,000 मेइती समुदाय के हैं। मई 2023 से अब तक 260 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।

### बारिश से हेलीकॉप्टर नहीं उड़ा, सड़क मार्ग से पहुंचे पीएम

मणिपुर दौरे पर आए पीएम मोदी को शनिवार को खराब मौसम के कारण हेलीकॉप्टर से उड़ान की अनुमति नहीं मिली। अधिकारियों ने बताया कि इंफाल से चूड़ाचांदपुर जाने के लिए हेलीकॉप्टर तैयार था, लेकिन भारी बारिश और सुरक्षा कारणों से उड़ान संभव नहीं हो पाई। ऐसे हालात में प्रधानमंत्री ने सड़क मार्ग से यात्रा करने का फैसला किया। उन्होंने करीब 60 किलोमीटर की दूरी डेढ़ घंटे में तय की और सीधे हिंसा प्रभावित इलाके में पहुंचे। पीएम मोदी ने कहा, 'खराब मौसम भी मुझे आपसे मिलने से रोक नहीं सकता। मैं आपके दुख-दर्द को समझता हूं और सरकार आपके साथ मजबूती से खड़ी है।' चूड़ाचांदपुर के लोगों ने सड़क किनारे खड़े होकर प्रधानमंत्री का स्वागत किया।

### मिजोरम को पहली बार रेलवे से जोड़ा




प्रधानमंत्री ने मिजोरम की राजधानी आइजोल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सभा को संबोधित किया। भारी बारिश के कारण वे लामुअल मैदान तक नहीं पहुंच पाए। उन्होंने 9,000 करोड़ रुपए की परियोजनाओं की शुरुआत की और बैराबी-सैरांग रेल लाइन का उद्घाटन किया, जिससे मिजोरम पहली बार भारतीय रेलवे नेटवर्क से जुड़ गया। मोदी ने कहा, 'जो पहले उपेक्षित थे, वे अब सबसे आगे हैं। जो पहले हाशिये पर थे, वे अब मुख्यधारा में हैं। पिछले 11 वर्षों में पूर्वोत्तर भारत के विकास का इंजन बन गया है।' उन्होंने मिजोरम के किसानों और युवाओं के लिए कनेक्टिविटी को 'जीवन रेखा' बताते हुए कहा कि अब शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन और रोजगार के नए अवसर खुलेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### भारत में बढ़ रही है महिला पायलटों की संख्याः सिंधिया



**मुरैना।** केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शनिवार को कहा कि भारत दुनिया के उन गिने-चुने देशों में शामिल है जहां महिला पायलटों की संख्या बढ़ रही है। उन्होंने इसे क्रांतिकारी बदलाव का संकेत बताया। सिंधिया ने कहा कि जहां अमेरिका और यूरोप जैसे विकसित देशों में महिला पायलट अपेक्षाकृत कम हैं, वहीं भारत में 15 प्रतिशत पायलट महिलाएं हैं। वह यहां एक डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र भवन की आधारशिला रखने और सुकन्या समृद्धि योजना के तहत 38 लड़कियों को पासबुक वितरित करने के बाद एक कार्यक्रम में बोल रहे थे।

### वैष्णो देवी मंदिर की तीर्थयात्रा फिर स्थगित



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिला स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर की तीर्थयात्रा लगातार बारिश होने के कारण अगले आदेश तक फिर से स्थगित कर दी गई है। माता वैष्णो देवी मंदिर की तीर्थयात्रा 19 दिन तक स्थगित रहने के बाद रविवार को फिर से शुरू होने वाली थी। तीर्थस्थल तक जाने वाले मार्ग पर भूस्खलन हो जाने के बाद यात्रा 26 अगस्त को स्थगित कर दी गई थी। इस हादसे में 34 श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गई थी, जबकि 20 लोग घायल हो गए थे। श्राइन बोर्ड ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि भवन और मार्ग पर लगातार बारिश के कारण 14 सितंबर से शुरू होने वाली श्री माता वैष्णो देवी यात्रा अगले आदेश तक स्थगित कर दी गई है। भक्तों से अनुरोध है कि वे आधिकारिक संचार माध्यमों के माध्यम से जानकारी लेते रहें।

सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा, कहा- SIR कराने का निर्देश दखल

## वोटर लिस्ट पर सिर्फ चुनाव आयोग का अधिकार

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चुनाव आयोग (EC) ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल कर कहा है कि वोटर लिस्ट बनाना और उसमें बदलाव करना केवल उसका विशेषाधिकार है। आयोग ने कहा कि कोर्ट अगर स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) कराने का निर्देश देती है तो यह उसके संवैधानिक अधिकार में दखल होगा। आयोग ने अनुच्छेद 324 का हवाला देते हुए कहा कि मतदाता सूची तैयार करना और उसमें समय-समय पर संशोधन करना न अदालत और न किसी अन्य संस्था का काम है। यह जिम्मेदारी पूरी तरह चुनाव आयोग की है। आयोग ने कहा कि वह अपनी जिम्मेदारी समझता है और वोटर लिस्ट को पारदर्शी व भरोसेमंद बनाए रखने के लिए लगातार काम कर रहा है। यह हलफनामा एडवोकेट अश्विनी कुमार उपाध्याय की याचिका पर दाखिल किया गया है। याचिका में मांग की गई थी कि चुनाव आयोग को पूरे देश में विशेष रूप से चुनावों से पहले SIR कराने का निर्देश दिया जाए, ताकि राजनीति और नीति निर्माण केवल भारतीय नागरिकों तक सीमित रहे। आयोग ने बताया कि 5 जुलाई 2025 को उसने बिहार को छोड़कर सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारियों (CEO) को पत्र भेजकर 1 जनवरी 2026 की पात्रता तिथि के आधार पर SIR की तैयारियां शुरू करने का निर्देश दिया था। चुनाव आयोग ने कहा कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और मतदाता पंजीकरण नियम, 1960 के तहत उसे यह तय करने का अधिकार है कि कब समरी रिवीजन हो और कब इंटेंसिव रिवीजन। नियम 25 से भी स्पष्ट है कि मतदाता सूची में संशोधन करना या न करना पूरी तरह आयोग के विवेक पर निर्भर करता है।

## आयुक्त सहित पांच निलंबित

**जयपुर।** धौलपुर नगर परिषद में सामूहिक घूसखोरी के मामले ने बड़ा तूल पकड़ लिया है। राज्य सरकार ने जीरो टॉलरेंस नीति अपनाते हुए सख्त कार्रवाई की है। शनिवार को स्वायत्त शासन विभाग ने नगर परिषद आयुक्त अशोक शर्मा सहित पांच कार्मिकों को निलंबित करने के आदेश जारी किए। निलंबित अधिकारियों में सहायक अभियंता प्रिया झा, वरिष्ठ सहायक नीरज शर्मा, कैशियर भरत परमार और चालक देवेंद्र कुमार भी शामिल हैं। इन सभी को एसीबी की टीम ने गुरुवार को 3.10 लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा था। जानकारी के अनुसार, वर्ष 2024 में धौलपुर में भारी बारिश के बाद जलभराव की स्थिति बनी थी। पानी निकासी का कार्य एक ठेकेदार को सौंपा गया था। कार्य पूर्ण होने के बावजूद नगर परिषद ने भुगतान रोक दिया और चेक जारी करने की एवज में रिश्वत मांगी गई। एसीबी की जांच में आयुक्त अशोक शर्मा की भूमिका संदिग्ध पाई गई।




आरोप... पुलिस को प्रदर्शनकारियों पर ज्यादती का आदेश दिया पूर्व पीएम ओली पर एफआईआर दर्ज

## नेपाल में संसदीय चुनाव अगले साल 5 मार्च को

बढ़ता राजस्थान

**काठमांडू (एजेंसी)** नेपाल में जारी राजनीतिक उथल-पुथल के बीच पूर्व प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली के खिलाफ राजधानी काठमांडू में शनिवार को एफआईआर दर्ज की गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ओली पर आरोप है कि 8 सितंबर को जब आंदोलन शुरू हुआ था, तब उन्होंने पुलिस को प्रदर्शनकारियों पर हमले और ज्यादती का आदेश दिया। भारी दबाव के बीच ओली ने 9 सितंबर को पद से इस्तीफा दे दिया और तब से वे आर्मी की सुरक्षा में अज्ञात स्थान पर हैं। इसी बीच, नेपाल की पहली महिला प्रधानमंत्री के रूप में पूर्व प्रधान न्यायाधीश सुशीला कार्की ने शुक्रवार रात शपथ ली।



उन्हें अगले साल 5 मार्च तक संसदीय चुनाव कराने की जिम्मेदारी दी गई है। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने प्रतिनिधि सभा भंग कर 5 मार्च को चुनाव की घोषणा की। देश में छह दिनों तक चले प्रदर्शनों के दौरान 51 लोगों की मौत हुई, जिनमें एक भारतीय नागरिक भी शामिल है। राजधानी काठमांडू और कई इलाकों में कर्फ्यू लगाया गया था। शनिवार को कई जगहों से कर्फ्यू हटा लिया गया, हालांकि छह स्थानों पर अब भी प्रतिबंध लागू है। प्रशासन ने दो महीने तक पांच से अधिक लोगों के जुटने, भूख हड़ताल, धरना, जुलूस और सभा पर रोक लगा दी है। हिंसक प्रदर्शनों के दौरान सिंहदरबार सचिवालय स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में आग लगा दी गई थी। इसके चलते अब गृह मंत्रालय परिसर में नए भवन को प्रधानमंत्री कार्यालय के लिए तैयार किया जा रहा है।

पदभार संभालने के बाद सुशीला कार्की शनिवार को काठमांडू के बनेश्वर इलाके के सिविल अस्पताल पहुंचीं और घायल आंदोलनकारियों से मुलाकात की। सूत्रों के अनुसार, वह रविवार को छोटा मंत्रिमंडल गठित करेंगी। उनके पास गृह, विदेश और रक्षा समेत दो दर्जन मंत्रालय होंगे। नेपाल के प्रमुख राजनीतिक दलों और अधिवक्ता संघ ने संसद भंग करने के राष्ट्रपति के फैसले को 'असंवैधानिक' और 'लोकतंत्र के लिए झटका' बताया है। भंग की गई प्रतिनिधि सभा के मुख्य सचेतकों ने भी संयुक्त बयान जारी कर विरोध जताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को नेपाली, हिंदी और अंग्रेजी में सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए नेपाल की नई प्रधानमंत्री सुशीला कार्की को शुभकामनाएं दीं।

मोर्चरी के मुहाने पर फंसी वैन में एक घंटे अटका रहा शव

# मृत्यु के बाद भी नहीं मिल रहा चैन, पोस्टमार्टम में विलम्ब

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (नि.स.)।** राजकीय मेडिकल कॉलेज से सम्बद्ध जिला अस्पताल की मोर्चरी के बाहर जलभराव एवं कीचड़ के कारण बालिका का शव एक घंटे तक अटका रहा। मोर्चरी के मुहाने पर ही वैन फंस गई, जिसे ट्रैक्टर बुलाकर बाहर निकालना पड़ा। इसके बाद ही पोस्टमार्टम हो पाया। इसके बाद शव को परिजन हाथों में उठाकर घुटनों तक पानी के बीच से लेकर बाहर आए।



सिरोही में जिला अस्पताल की मोर्चरी के बाहर फंसी वैन को ट्रैक्टर से निकाला गया।


सिरोही जिला अस्पताल की मोर्चरी से शव को हाथों में उठाकर लाते परिजन।


11 सितम्बर को प्रकाशित समाचार

बदहाल हो रहा जिला अस्पताल और लाचारी जता रहे पीएमओ

पूर्व विधायक ने पूछा तो दूसरों पर ठीकरा फोड़ना लगे पीएमओ

बढ़ता राजस्थान

सिरोही (नि.स.)। राजकीय मेडिकल कॉलेज से सम्बद्ध जिला अस्पताल की बदहाली सुधरने का नाम नहीं ले रही है। यहां तक कि प्रबंधन करने वाले अधिकारी भी लाचार से नजर आ रहे हैं। बुधवार को पूर्व विधायक संयम लोढ़ा ने जिला अस्पताल का दौरा किया। गंदगी व अव्यवस्थाओं को देखकर वे नाराज नजर आए। पूछा तो प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. वीरेंद्र महात्मा की लाचारी सामने आ गई। पीएमओ ने स्वीकारा कि जनाना वार्ड के पास सीवरेज व मल-मूत्र बिखरा रहने से गंदगी हो रही है और दुर्गंध फैल रही है, लेकिन निकासी के प्रबंध नहीं किए जा रहे। वार्ड निर्माण करने वाली एजेंसियों व सम्बंधित अधिकारियों को कहा भी, लेकिन कोई सुन नहीं रहा। पूर्व विधायक को कमोबेश यही स्थिति मोर्चरी के पास भी नजर आई। इस जगह एक से डेढ़ फीट तक जलभराव है।

निर्माणाधीन वार्ड की फॉल सिलिंग टूटी

जिला अस्पताल में निर्माणाधीन 50 बेडेड जनाना वार्ड अभी तक सुचारू नहीं हुआ है। समयावधि के तहत इसे वर्ष-2024 में ही शुरू करना था, लेकिन कार्य ही पूरा नहीं हुआ। इसकी छत पर पानी निकासी के उचित प्रबंध नहीं होने से पानी व काई जमी हुई है। आईसीयू की फॉल सिलिंग अभी से टूट चुकी है और खिड़कियों की जालियां व केबल चोरी हो गए।

फिर भी नहीं खोज रहे वैकल्पिक रास्ता

जिला चिकित्सालय की मोर्चरी पूरी तरह से जलमग्न हो रही है। पूर्व विधायक ने देखा कि मोर्चरी में आवाजाही बगैर वाहन नहीं कर सकते। एक से डेढ़ फीट तक जलभराव व कीचड़ एवं काई के बीच से गुजरना हादसे को न्योता देने के बराबर है। पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल ज्यूरिस्ट व चिकित्सकों को मुश्किल से जाना पड़ रहा है। मृतक के परिजन व पुलिसकर्मी भी भारी परेशानी झेल रहे हैं। मार्चरी के आगे जलभराव की निकासी के लिए वैकल्पिक रास्ता निकाला जा सकता है, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा।

जिला कलक्टर को बताई अस्पताल की स्थिति

जिला अस्पताल का जायजा लेने के बाद पूर्व विधायक ने जिला कलक्टर से भी मुलाकात की। उन्हें जिला अस्पताल की स्थिति से अवगत कराया। साथ ही व्यवस्थाओं में सुधार लाए जाने का आग्रह किया। जिला कलक्टर से आग्रह किया कि वे सप्ताहभर में ही सीवरेज की मल निकासी व जल भराव की समस्या का समाधान करे एवं जनाना वार्ड को भी शीघ्र शुरू करें। पूर्व विधायक ने जनाना वार्ड का जायजा लिया। यहां टॉयलेट्स व बाथरूम के दरवाजे खुलवाकर देखा। यहां दुर्गंध व गंदगी दिखी तो पीएमओ ने बताया कि भवन बनाने वाली एजेंसियों से सहयोग नहीं मिल रहा है। वे लोग इसकी निकासी करवाए तो टॉयलेट व बाथरूम एक दिन के लिए बंद करवा कर सारी व्यवस्थाएं हो सकती है, लेकिन कोई सुनता ही नहीं।

### वैन को ट्रैक्टर से खींचकर निकाला

मोर्चरी के बाहर कई दिनों से जल भराव व कीचड़ की स्थिति बनी हुई है। शव लेकर आई वैन इसमें फंस गई। शव को मोर्चरी तक पहुंचाने में भारी मशक्कत की गई, लेकिन सफलता नहीं मिल पाई। ऐसे में ट्रैक्टर बुलाकर वैन को बाहर निकालना पड़ा। वापस आते समय भी खाली वैन कीचड़ में अटक गई, जिसे काफी प्रयासों से निकाला जा सका।

### किया कुछ नहीं, बस नजारा देखते रहे पीएमओ

सबसे बड़ी बात तो यह रही कि इस दौरान प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. वीरेंद्र महात्मा खुद मौके पर मौजूद रहे। वे इस नजारे को देखते रहे। वहीं, दो दिन पहले पूर्व विधायक के दौरे के दौरान भी वे साथ रहे, लेकिन अभी तक व्यवस्था नहीं हो पाई। ऐसे में शनिवार को वापस ऐसी ही स्थिति से रूबरू होना पड़ा।

### कुछ लोग दीवार फांदकर मोर्चरी में गए

मोर्चरी में आवाजाही के लिए परिजन व पुलिसकर्मियों को कीचड़ व पानी के बीच से जाना पड़ा। कुछ लोग दीवार के सहारे रेंगते हुए से मोर्चरी की चारदीवारी तक आए और यहां से दीवार फांदकर अंदर गए, ताकि कीचड़ से बच सके।

## जिला अस्पताल की लापरवाही से बालिका की मौत का आरोप

**बढ़ता राजस्थान सिरोही (नि.स.)।** जिला अस्पताल में शनिवार को अजीबोगरीब वाक्या सामने आया। एक बालिका के परिजनों ने जिला अस्पताल के चिकित्सकों पर जिंदा को मृत बताने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। बालिका के परिजन एवं ग्रामीणों ने घंटेभर तक रोष जताया एवं मामले में जांच की मांग की। बालिका की मौत सर्पदंश से होना बताया गया है। जानकारी के अनुसार समीपवर्ती अणगौर गांव निवासी बालिका नीतुकुमारी पुत्री सवाराम मेघवाल को शनिवार अलसुबह सांप ने काट लिया था। परिजन उसे तत्काल ही अस्पताल लेकर आए। यहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने बालिका को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन शव लेकर घर चले गए। अंतिम संस्कार की तैयारी के दौरान बालिका के शरीर में कुछ हलचल दिखी तो परिजनों ने तत्काल ही एक नर्सिंगकर्मी को बुलाया। उसने बालिका को वापस अस्पताल ले जाने का सुझाव दिया। इसके बाद परिजन बालिका को लेकर वापस आए, लेकिन तब भी ड्यूटी डॉक्टर ने पूर्ववत ही मौता होना बताया। इसके बाद परिजन एक निजी अस्पताल में गए, जहां चिकित्सक ने उन्हें बताया कि बालिका की मौत कुछ देर पहले ही हुई है। इस पर परिजन जिला अस्पताल के ड्यूटी डॉक्टर पर गुस्सा गए तथा रोष जताया।

## जीतो लीडरशिप समिट 2025: दूरदृष्टि, रणनीति और उत्सव का भव्य संगम




**बढ़ता राजस्थान उदयपुर (नि.स.)।** शहर में मेमेंटोज़ बाय आईटीसी एकाया की मेजबानी में तीन दिवसीय 'जीतो लीडरशिप समिट 2025' का शुभारंभ हुआ। यह आयोजन जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन के लीडर्स, सदस्यों और दूरदर्शी व्यक्तित्वों को एक मंच पर लाकर सशक्त सत्रों, रोचक गतिविधियों और सांस्कृतिक उत्सवों का अद्वितीय संगम प्रस्तुत कर रहा है। समिट सेवा, ज्ञान और आर्थिक सशक्तिकरण जैसे जीतो के मार्गदर्शक सिद्धांतों के साथ-साथ एकता, प्रगति और उद्देश्यपूर्ण नेतृत्व के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। समिट का उद्घाटन शहर विधायक ताराचंद जैन, जिला कलेक्टर नमित मेहता और यूडीए आयुक्त राहुल जैन की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। जीतो अपेक्स के सचिव महावीर चपलोत ने बताया कि चेयरमैन पृथ्वीराज कोठारी, वाइस चेयरमैन हिमांशु शाह, प्रेसीडेंट विजय भंडारी और महासचिव ललित कुमार डांगी की अगुवाई में यह समिट सभी चैप्टर और जोन के सदस्यों को प्रेरित करती है।

## विश्व दृष्टि दिवस पर अलख नयन मंदिर आई इंस्टीट्यूट ने आयोजित

**बढ़ता राजस्थान उदयपुर (नि.स.)।** विश्व दृष्टि दिवस के अवसर पर अलख नयन मंदिर आई इंस्टीट्यूट, उदयपुर ने जिले के विभिन्न विद्यालयों में नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया। इस विशेष अभियान के तहत कुल 1621 विद्यार्थियों की आंखों की जांच की गई और उन्हें नेत्र स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी भी प्रदान की गई। यह नेत्र परीक्षण शिविर मुख्य रूप से फतेहनगर और वल्लभनगर क्षेत्र की टीम द्वारा संचालित किया गया। टीम में ऑप्टोमेट्रिस्ट राकेश, परमिला, रतन, हर्षित और कैलाश, विजन टेक्नीशियन विष्णु, आशु, चेतना, जसोदा, खुशबू और छात्रा पायल, दिव्या तथा तनीष्का शामिल थे। शिविर की संपूर्ण रूपरेखा कुलदीप सिंह सोलंकी और अभय रैना के निर्देशन में सफलतापूर्वक संपन्न की गई।



## विजिटर बोर्ड ने उप कारागृह का किया निरीक्षण

**बढ़ता राजस्थान हिण्डौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** सर्वोच्च न्यायालय और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, करौली के निर्देशानुसार गुरुवार को उप कारागृह हिण्डौन सिटी का निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (क्रम एक) अंबिका सोनी की अध्यक्षता में किया गया। निरीक्षण के दौरान उप जिला कलेक्टर हेमराज गुर्जर, पुलिस उपाधीक्षक दुलीचंद, ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण शर्मा और सहायक अभियंता पीडब्ल्यूडी हिण्डौन भी उपस्थित रहे। निरीक्षण का उद्देश्य कारागृह में न्यायिक और प्रशासनिक मानकों के पालन की समीक्षा करना था।

# राज्य स्तरीय अनवरत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम का उदयपुर में शुभारंभ



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** ब्लड बैंक सोसायटी राजस्थान और सरल ब्लड सेंटर उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में आज दो दिवसीय राज्य स्तरीय अनवरत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में राजस्थान के विभिन्न ब्लड बैंक के तकनीशियन और विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

समारोह के मुख्य अतिथि ड्रग लाइसेंस ऑथरिटी के ड्रग कंट्रोलर अजय फाटक, राजस्थान विद्यापीठ के कुलपति प्रो. कर्नल एस.एस. सारंगदेवोत, सरल ब्लड सेंटर के संस्थापक श्याम एस. सिंघवी और राजस्थान ब्लड बैंक सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. वेदप्रकाश गुप्ता रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

ड्रग कंट्रोलर अजय फाटक ने कहा कि रक्तदान कोई व्यवसाय नहीं, बल्कि एक महान सेवा कार्य है। रक्तदान से किसी की जान बचाना सर्वोच्च सेवा है। उन्होंने ब्लड सेंटर संचालकों को निर्देश दिए कि वे रक्त की गुणवत्ता सुनिश्चित करें और रेट लिस्ट लगाकर लोगों का विश्वास बढ़ाएं।

कुलपति प्रो. कर्नल एस.एस. सारंगदेवोत ने रक्तदान की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि युद्ध, महामारी या प्राकृतिक आपदा में जीवन रक्षक का कार्य रक्त ही करता है। उन्होंने आधुनिकता के बीच भी मानवता और संवेदनाओं को बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया।

सरल ब्लड सेंटर के संस्थापक श्याम एस. सिंघवी ने कहा कि संस्था पिछले 16-17 वर्षों से अनवरत जनता के विश्वास पर खरा उतर रही है। उनका उद्देश्य केवल रक्त संग्रहण करना नहीं, बल्कि इसे वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचाना है। डॉ. वेदप्रकाश गुप्ता ने बताया कि देश में प्रतिवर्ष 15 लाख यूनिट रक्त की आवश्यकता होती है, जिसमें लगभग 2 लाख यूनिट की कमी रहती है, जिसे ग्रामीण क्षेत्रों में रक्तदान शिविर आयोजित कर पूरा किया जा सकता है।

कार्यक्रम में उदयपुर, भीलवाड़ा, डूंगरपुर, बांसवाड़ा और पाली के सहायक ड्रग कंट्रोलर, गणमान्य नागरिक, स्वैच्छिक रक्तदाताओं और विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में स्वैच्छिक रक्तदान प्रेरणा समिति के सदस्यों का भी अभिनंदन किया गया।

## टेम्पसेंस चार्जअप कार्यक्रम का शुभारंभ, युवा होंगे स्टैम की शक्ति से प्रेरित

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** टेम्पसेंस इंस्ट्रूमेंट्स (इंडिया) लिमिटेड ने टेम्पसेंस चार्जअप कार्यक्रम का शुभारंभ किया, जिसका उद्देश्य युवा इंजीनियरों को व्यावहारिक तकनीकी कौशल प्रदान करना है। यह 60 घंटे का व्यापक प्रशिक्षुता कार्यक्रम भावी इंजीनियरों को नौकरियों और नवाचार के लिए तैयार करता है, साथ ही सॉफ्ट स्किल्स पर विशेष मॉड्यूल भी उपलब्ध कराता है।

यह पहल टेम्पसेंस के सीएसआर दृष्टिकोण का हिस्सा है, जिसका लक्ष्य एक मजबूत प्रतिभा पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करना और भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने में योगदान देना है। कार्यक्रम के लिए स्थानीय इंजीनियरिंग कॉलेजों के उच्च-क्षमता वाले तृतीय वर्ष के छात्रों का चयन 8-10 सप्ताह के गहन पाठ्यक्रम के लिए किया जाएगा, जिसमें व्यावहारिक कार्यशालाएँ और व्यावसायिक विकास के मॉड्यूल शामिल होंगे।

टेम्पसेंस के सीईओ विनय राठी ने कहा कि भारत का विनिर्माण भविष्य युवाओं द्वारा निर्मित होगा, लेकिन सैद्धांतिक ज्ञान और उद्योग की आवश्यकताओं के बीच अंतर है। इस कार्यक्रम से न केवल प्रतिभाओं की पाइपलाइन तैयार होगी, बल्कि छात्रों को नवप्रवर्तक और नेतृत्वकर्ता बनने के साधन भी मिलेंगे।

टेम्पसेंस की सीएसआर शाखा - पॉजिटिव चार्ज की सीईओ सोनल राठी ने कहा कि यह कार्यक्रम छात्रों को उनके करियर के पहले दिन से ही सफल होने के लिए आवश्यक हार्ड और सॉफ्ट कौशल प्रदान करता है। साथ ही, कर्मचारी स्वयंसेवा करके मार्गदर्शक और प्रशिक्षक के रूप में योगदान देंगे, जिससे संगठन में नेतृत्व और सामाजिक उत्तरदायित्व की संस्कृति बढ़ेगी।

## राज्यस्तरीय स्त्र्ञश्वरू कार्यशाला में करौली के शिक्षकों ने दिखाई सक्रिय भागीदारी




बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** सूरौठ - द्बस्श्व अजमेर और स्ऱूस्ऱ राजस्थान के संयुक्त प्रयास से विज्ञान-गणित (स्ञ्जश्वरू) शिक्षण के लिए आयोजित स्क्रत्र आवासीय कार्यशाला का आयोजन 8 से 13 सितंबर 2025 तक महर्षि दयानन्द विश्रांति गृह, अजमेर में किया गया। इस कार्यशाला में राज्यभर के स्ल्ड्डह्लद्ग क्रद्गह्यशह्वह्म्ष्द्ग त्रह्म्शह्वश्च (स्क्रत्र) सदस्य शामिल हुए और नवीन शिक्षण विधियों पर प्रशिक्षण प्राप्त किया।

करौली जिले के सूरौठ तहसील निवासी शिक्षक सुरेश चन्द योगी और भूर सिंह मीणा ने कार्यशाला में सक्रिय रूप से भाग लिया। दोनों शिक्षकों ने स्ञ्जश्वरू शिक्षा में प्रयोगधर्मी गतिविधियों, डिजिटल टूल्स और आधुनिक शिक्षण विधियों को कक्षा-कक्ष तक पहुँचाने के लिए अपने अनुभव और विचार साझा किए।

शिविर के प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण विधियों से जोडऩा और स्ञ्जश्वरू शिक्षा को अधिक रोचक व व्यवहारिक बनाना है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की भागीदारी से यह कार्यशाला छात्रों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी और शिक्षा के स्तर में सुधार में योगदान देगी।

कार्यशाला में करौली के शिक्षकों ने स्ञ्जश्वरू से जुड़ी गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया, डिजिटल साधनों और मॉडलों का प्रदर्शन किया और अनुभव साझा करने के सत्रों में नवाचार आधारित विचार प्रस्तुत किए, जिससे प्रशिक्षण की गुणवत्ता और प्रभावशीलता दोनों बढ़ीं।

## डीपीएस उदयपुर को एजुकेशन टुडे से बेस्ट स्कूल का सम्मान




बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, उदयपुर को एजुकेशन टुडे द्वारा उत्तर भारत में मोस्ट इफेक्टिव ब्लेंडेड लर्निंग मॉडल श्रेणी में बेस्ट स्कूल अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार प्रबंधन समिति के सदस्य दीपक अग्रवाल और श्रीमती अशिता अग्रवाल को मुंबई में आयोजित महाराष्ट्र एजुकेटर समिट एंड अवार्ड-2025 समारोह में प्रदान किया गया।

विद्यालय के प्राचार्य संजय नरवरिया ने बताया कि इस पुरस्कार के लिए उत्तर भारत के 12,000 से अधिक शिक्षण संस्थानों ने आवेदन किया था, जिनमें से केवल 300 संस्थाओं का चयन हुआ। डीपीएस उदयपुर को नवाचार, शैक्षणिक उत्कृष्टता, श्रेष्ठ विद्यालय प्रबंधन और स्वस्थ जीवन को बढ़ावा देने के लिए विशेष रूप से चुना गया।

उल्लेखनीय है कि एजुकेशन टुडे के फरवरी संस्करण एजुकेशन टाइटंसः द मेवरिक्स ऑफ एजूकेशन में दीपक अग्रवाल का लेख शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को प्रदर्शित करता है। इस गौरवमयी उपलब्धि पर प्रो वाइस चेयरमैन गोविंद अग्रवाल ने विद्यालय की पूरी टीम, अभिभावक और विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी।

# ऑल इंडिया जमीअतुल कुरैश - राजस्थान का प्रतिभा सम्मान समारोह

बढ़ता राजस्थान




**हिण्डौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** ऑल इंडिया जमीअतुल कुरैश राजस्थान के तत्वावधान में मुसाफिऱखाना, हिण्डौन सिटी में कुरैशी समाज का भव्य जलसा और प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर आसपास के शहरों और गांवों से बड़ी संख्या में समाज के लोग, प्रतिनिधि और जिम्मेदार नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ कुरआन पाक की तिलावत से हुआ। मुख्य अतिथि हाजी नईमुद्दीन कुरैशी ने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने, फिजूलखर्ची रोकने और शादियों में दिखावे से बचने का संदेश दिया। इमरान कुरैशी, नेशनल सेक्रेट्री कांग्रेस ने युवाओं को नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी। मुफ्ती खलील अहमद ने दीनी तालीम के साथ-साथ दुनियावी तालीम हासिल करने पर जोर दिया। अन्य वक्ताओं ने शिक्षा को समाज के उत्थान का मुख्य साधन बताते हुए जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया।

समारोह में राष्ट्रीय और प्रदेश पदाधिकारियों ने हाल ही में किए गए सामाजिक कार्यों और आगामी योजनाओं की जानकारी दी। कुरैशी समाज की धार्मिक शिक्षा प्राप्त करने वाले 15 और स्कूल-कॉलेज शिक्षा प्राप्त करने वाली 15 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। इसके अलावा शहर के मौलानों को भी सम्मानित किया गया। सभी अतिथियों को कमेटी सदस्यों द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व उपसभापति नफीस अहमद ने किया। हिंडौन कुरैशी बिरादरी के अध्यक्ष हसमुद्दीन कुरैशी, अब्दुल गफ्फार कुरैशी, अब्दुल सत्तार कुरैशी, मजीद कुरैशी, गोला कुरैशी सहित कई समाजजन उपस्थित थे।

जलसे में हिण्डौन, करौली, गंगापुर सिटी और आसपास के गांवों के युवा और बुजुर्ग भी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## रींगस में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन, 2 सौ मामलों का निपटारा



बढ़ता राजस्थान

**रींगस (हनुमान सिंह बुरानियां)।** रींगस राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीकर के तत्वावधान में तालुका विधिक सेवा समिति रींगस के सौजन्य से एसीजेएम न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हुआ। इस दौरान वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायाधीश ममता रोहिला ने अपने सम्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी पक्षकार अपने राजीनामा योग्य सिविल, दांडिक, पारिवारिक विवाद, चैक बाउंस प्रकरण, विद्त एवं पानी के बिल इत्यादि में राजीनामा कर सस्ता, सुलभ एवं शीघ्र न्याय प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान तालुका विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष ममता रोहिला की अध्यक्षता में 2 सौ प्रकरणों का निस्तारण किया गया।राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंकों व बिजली विभाग के प्री लिटिगेशन के 53 प्रकरणों में 49 लाख 91 हजार 664 रुपए के अवार्ड पारित किए गए, इसी के साथ न्यायलय के फौजदारी, सिविल, चैक अनादरण, भरण पोषण से संबंधित 147 प्रकरणों में 84 लाख 93 हजार 979 रुपए के मामलों का निस्तारण किया गया। इस दौरान लोक अदालत सदस्य शंकर लाल रुलाणिया, न्यायलय कर्मी रितेश शर्मा, शिव माथुर, प्रिंस शर्मा, राकेश मीणा, अशोक गुर्जर, शिवम कुमावत, नम्रता शर्मा, कविता वर्मा, गोपाल लाल गवारिया, गजेंद्र शर्मा, मोहनलाल, आदि मौजूद थे।

## ‘शुद्ध आहार - मिलावट पर वार’ अभियान के तहत 450 किलो मिलावटी पनीर नष्ट..



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर प्रथम (का.स.)।** राज्य सरकार द्वारा संचालित शुद्ध आहार - मिलावट पर वार अभियान के अंतर्गत आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान डॉ. टी. शुभमंगला के निर्देशानुसार जयपुर जिले में आज बड़ी कार्रवाई की गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम एवं द्वितीय के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा संयुक्त कार्रवाई कर लगभग 450 किलोग्राम मिलावटी पनीर जब्त कर नष्ट करवाया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि सूचना के आधार पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों का दल जमुना नगर, सोडाला स्थित श्रीकृष्णा दूध भंडार पर सुबह 8 बजे पहुंचा। मौके पर 100 किलो पनीर संदिग्ध अवस्था में पाया गया। पूछताछ में सप्लायर महेश वैष्णव को मौके पर बुलवाया गया, जिसकी इको गाड़ी से 200 किलो पनीर और बरामद हुआ। जांच में पनीर मिलावटी पाए जाने पर नमूने लिए गए तथा शेष 300 किलो पनीर को नष्ट किया गया।

इसके पश्चात सप्लायर द्वारा बताए गए रिद्धि सिद्धि चौराहा स्थित गोदाम पर छापा मारा गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि वहां भी लगभग 150 किलो मिलावटी पनीर पाया गया, जिसका नमूना लेकर शेष पनीर मौके पर नष्ट किया गया।

इस पूरी कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार शर्मा, नरेश कुमार, नरेंद्र शर्मा, सुशील कुमार चोटवानी, विनोद थारवान एवं राजेश नगर शामिल रहे। साथ ही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा मैसर्स सोंखिया ट्रेडर्स न्यू सांगानेर रोड पर कार्रवाई कर घी भूमि ब्रांड एवं केसरी रतन ब्रांड का नमूना लिया जाकर लगभग 90 लीटर मौके पर सीज किया गया।

## ज्यूस में नशीला पदार्थ मिलाकर सवारियों से लूटपाट करने वाला गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस ने जहर खुरानी की वारदात का 24 घंटे में पर्दाफाश करते हुए शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से नशे की गोलियों सहित अन्य सामान भी बरामद किया है। पुलिस गिरफ्तार आरोपी से गहनता से पूछताछ करने में जुटी है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व सजीव नैन ने बताया कि जयसिंहपुरा खोर निवासी परिवादी किशन सिंह अपनी पत्नी प्रिंयका के साथ आगरा जाने के 11 सितम्बर को घर से निकला था। ट्रांसपोर्ट नगर सर्किल से वो स्लीपर बस में चढ़े । लेकिन सीट नहीं मिलने पर दो अज्ञात व्यक्तियों ने चार सौ रुपए किराया लेकर उन्हे अपने स्लीपर में बिठा लिया। जिसके बाद बदमाशों ने नशीली लस्सी पिलाकर उन्हे बेहोश कर दिया और जेब में रखे 15 हजार रुपए और प्रिंयका के गले में पहना हुआ सोने का मंगल सूत्र,चांदी की पायल, कानों के झूमके ,बाली ,चांदी की चैन खोल ली और बेहोशी की हालत में स्लीपर में छोडक़र फरार हो गए।

तीन -चार बेहोशी की हालत में आगरा के अस्पताल में रहे भर्ती

आगरा पहुंचने के बाद बस स्टाफ और अन्य यात्रियों ने बेहोशी की हालत में उन्हे अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर तीन -चार दिन बेहोशी की हालत में उनका उपचार चलता रहा। होश में आने के बाद पीडि़त दम्पति ने आपबीती अस्पताल प्रशासन को सुनाई। अस्पताल प्रशासन की मदद से पीडि़त दम्पति जयपुर पहुंचे और मामले की जानकारी पुलिस को दी।

मामला दर्ज होने के बाद अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आशाराम चौधरी ने विशेष टीम का गठन कर ट्रांसपोर्ट नगर से गुजरने वाली बसों चालकों से पूछताछ शुरु करते हुए सीसीटीवी फुटेज खंगाले।

### प्रदेश भर में सेवा पर्व पखवाड़े में आयोजित होंगे ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविर

# में आए हर व्यक्ति की समस्या का निस्तारण हो, जिलों को बेहतर प्रदर्शन पर मिले पहचान - मुख्य सचिव

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, (का.स.)।** सचिवालय में शनिवार को मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत की अध्यक्षता में ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविर अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला कलेक्टरों एवं विभागीय अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। मुख्य सचिव ने कहा कि ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविर 17 सितम्बर से आयोजित होंगे। मुख्य सचिव ने कहा कि 17 सितम्बर से सेवा पर्व पखवाड़ा भी प्रारंभ हो रहा है, ऐसे में सभी विभाग और शहरी निकाय मिलकर शिविरों को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग करें।

मुख्य सचिव ने स्पष्ट किया कि शिविरों में किसी भी नागरिक को समय-सीमा में बाँधा न जाए। जब तक लोग उपस्थित रहें, उनकी समस्याओं का समाधान किया जाए। शिविरों की डेली सघन मॉनिटरिंग हो और बेहतर प्रदर्शन करने वाले जिलों को पहचान कर प्रोत्साहित किया जाए। डिवीजनल कमिश्नर संभागवार रैंकिंग करें कि किस क्षेत्र में सर्वाधिक निस्तारण हो रहा है।उन्होंने कहा कि अधिकारीगण यह सुनिश्चित करें की शिविर में आए लोगो की समस्याओं का हाथो हाथ निस्तारण हो। उन्होंने निर्देश दिए कि कलेक्टर एवं उनके अधीनस्थ स्वयं शुरुआती दिनों में कैंपों का निरीक्षण करें, फीडबैक लें और सक्सेस स्टोरीज़ का डॉक्यूमेंटेशन कर उन्हें सोशल मीडिया एवं पारंपरिक मीडिया में साझा करें।

पंत ने निर्देश दिए कि अभियान से पूर्व आवश्यक तैयारी और तकनीकी सहयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि उपखण्ड अधिकारी स्वयं शिविर में उपस्थित रहें और विभागीय समीक्षा बैठकें आयोजित करें। आवश्यकता पडने पर अन्य विभागों के कर्मचारियों एवं तकनीकी अधिकारियों को भी शिविर कार्यों में लगाया जाए। प्रत्येक जिले में एक कंट्रोल रूम स्थापित किया जाए और उसका प्रभारी अधिकारी का नाम एवं फोन नम्बर स्थानीय अखबारों में प्रकाशित किया जाए।

बैठक में प्रमुख शासन सचिव, राजस्व एवं उपनिवेशन विभाग श्री दिनेश कुमार ने विभागवार गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पालनहार एवं कन्यादान योजना में अधिक से अधिक लोगों को जोडने का काम सामाजिक न्याय विभाग करेगा। मातृ वंदना योजना की जिम़्मेदारी महिला एवं बाल विकास विभाग की रहेगी। श्रम विभाग औजार सहायता योजना तथा आपदा प्रबंधन विभाग जनहानि/पशुहानि निस्तारण से संबंधित कार्य करेगा। जलभराव निकासी एवं बांधों की मरम्मत का कार्य जल संसाधन विभाग द्वारा संचालित किया जाएगा।

दिनेश कुमार ने बताया कि राजस्व विभाग द्वारा लंबित फार्मर रजिस्ट्री को पूर्ण करवाना, किसान गिरदावरी एप का प्रचार एवं अधिक से अधिक डाउनलोड करवाना, लंबित नोटिसों की तामीली, कुर्रेजात रिपोर्ट तैयार करना, ऑनलाइन पोर्टल पर लंबित नामंतरण प्रकरणों का निस्तारण, शुद्धिकरण के प्रकरणों का निस्तारण, लंबित गैर खातेदारी से खातेदारी प्रकरणों का निस्तारण आदि कार्य किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि पंचायती राज विभाग स्वामित्व योजना एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) से जुड़े कार्य करेगा, वृक्षारोपण का कार्य वन विभाग द्वारा संचालित होगा।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव सार्वजनिक निर्माण विभाग श्री प्रवीण गुप्ता, प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग श्रीमती गायत्री ए. राठौड, प्रमुख शासन सचिव नगरीय विकास एवं आवासन विभाग डॉ. देबाशीष पृष्टी, अध्यक्ष डिस्कॉम्स एवं प्रबन्ध निदेशक विद्युत वितरण निगम लिमिटेड सुश्री आरती डोगरा मौजूद रहे।

### रेलवे जंक्शन सलाहकार समिति की प्रथम बैठक आयोजित

## यात्रियों की सुविधाओं के लिए अनेक सुझाव दिए



बढ़ता राजस्थान

**रींगस (हनुमान सिंह बुरानियां)।** रेलवे जंक्शन सलाहकार समिति की प्रथम बैठक शनिवार को स्टेशन अधीक्षक बाबूलाल बाजिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में समिति के सदस्यों ने यात्रियों की सुविधाओं के लिए अनेक सुझाव दिए। बैठक में प्लेटफॉर्म के दक्षिण में जयपुर की तरफ एवं उत्तर में दिल्ली की तरफ चार-पांच डिब्बे प्लेटफार्म से भी आगे निकलते हैं जिससे यात्रियों को भारी असुविधा एवं जनहानि होने का डर रहता है इसके लिए प्लेटफार्म को मॉडिफाई करने का प्रस्ताव दिया। तीनों प्लेटफार्म पर यात्रियों को वर्षा गर्मी एवं सर्दी से बचाव के लिए टीन शेड लगाने, यात्रियों की सुरक्षा के लिए संपूर्ण जंक्शन पर सीसीटीवी कैमरे लगाने, रेलवे जंक्शन के पूर्व की तरफ दूसरा द्वार एवं टिकट खिडक़ी चालू करने, जंक्शन पर यात्रियों को बैठने के लिए बेंच एवं अन्य सुविधाओं का विस्तार करने का सुझाव दिया। साथ ही बताया गया कि जंक्शन वन एंड स्टेशन है इसके सिग्नल उत्तर में पुलिया के पास लगाया जाए जिससे ट्रेन के डिब्बे स्टेशन के मध्य खड़े हो सके। जंक्शन परिक्षेत्र में दोनों तरफ पूर्व एवं पश्चिम मैं जगह अपर्याप्त है इसलिए बढाकर पार्किंग की व्यवस्था करने, एवं जयपुर सीकर डेमू ट्रेन मैं यात्री भार को देखते हुए कोच बढ़ाने के सुझाव दिए गए। तथा सुबह जयपुर जाने वाली गाडियों का समय परिवर्तन करने के सुझाव दिए गए। बैठक में समिति के अमित शर्मा सुखदेव सिंह धायल, गोविंद शर्मा,रघुनाथ प्रसाद वर्मा, मोहनलाल कुमावत, बसंत कुमावत, सहित सातों सदस्य उपस्थित थे।

## राजस्व, बैंकिंग और प्री-लिटिगेशन प्रकरणों में हुआ निस्तारण का प्रयास



बढ़ता राजस्थान

**खाजूवाला (दलीप नोखवाल)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बीकानेर के निर्देशानुसार शनिवार को तालुका समिति खाजूवाला में वर्ष की तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता तालुका विधिक सेवा समिति खाजूवाला की अध्यक्ष सुश्री साक्षी भाम्भू ने की। इस अवसर पर तहसील कार्यालय एवं उपखंड कार्यालय की ओर से तहसीलदार कमलेश मेहरिया उपस्थित रहे। वहीं, खाजूवाला एसबीआई शाखा के प्रबंधक चन्दन यादव के साथ-साथ विभिन्न बैंकों से आए प्रबंधक एवं प्रतिनिधि तथा पैनल अधिवक्ता इदरीश अहमद कुरैशी भी मौजूद रहे।

लोक अदालत के दौरान राजस्व विभाग से जुड़े प्रकरणों, बैंकिंग विवादों तथा वित्तीय संस्थाओं के प्री-लिटिगेशन प्रकरणों को आपसी सहमति एवं राजीनामे के माध्यम से सुलझाने का प्रयास किया गया। लोक अदालत की भावना के अनुरूप पक्षकारों को बिना विवाद के समाधान हेतु प्रेरित किया गया। अधिकारियों ने बताया कि ऐसे आयोजन न्याय तक आमजन की सहज पहुँच सुनिश्चित करने में सहायक साबित हो रहे हैं।

अधिकारियों ने बताया कि मई 2025 से 13 सितंबर 2025 तक राजीनामा की भावना से 5962 राजस्व प्रकरणों का निपटारा किया गया है। इसके साथ ही 30 कोर्ट व 56 अन्य प्रकरणों पर रुपए 97,96,072 की समझौता राशि वसूली गई। यह उपलब्धि बताती है कि लोक अदालतें न केवल विवाद सुलझाने का मंच बन रही हैं।

## उपखंड अधिकारी ने तहसील क्षेत्र के गांवों की फसल का किया निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**चौमूं (नि.स.)।** उपखंड अधिकारी दिलीप सिंह ने ग्राम सुलतानपुरा बांसा, फतेहपुरा, महारकलां व सामोद क्षेत्रो में जाकर खरीफ की फसल का निरीक्षण किया गया ।

उपखंड अधिकारी ने क्षेत्र में हुई बारिश के बाद किसानों से आमतौर पर होने वाली फसल के अनुपात में इस साल हुए उत्पादन एवं नुकसान के बारे में जानकारी ली गई। ग्रामीणजनों ने ग्वार, बाजरे एवं अन्य फसल में हुये नुकसान के बारे में जानकारी दी व उत्पादन के बारे में बताया उपखण्ड अधिकारी द्वारा राजस्व अधिकारी/कर्मचारियों(पटवारियों) को निर्देशित किया कि तहसील क्षेत्र में वास्तविक गिरदावरी की जाये जिससे किसानों को बारिश से हुए नुकसान का नियमानुसार सरकार द्वारा मुआवजा मिल सके।



## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आनंदपुरी की बैठक आज

**बढ़ता राजस्थान, नाहरपुरा (नि.स.)।** उपखंड आनंदपुरी के अंतर्गत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आनंदपुरी की बैठक आज मामा जी मूर्ति मुंदरी में आयोजित होगी जिसमें ब्लॉक कांग्रेस से जुड़े सभी कार्यकर्ताओं,सरपंचों, पूर्व सरपंचों, पंचायत समिति सदस्य, पूर्व पंचायत समिति सदस्यों ,वार्ड पंच ,पूर्व वार्ड पंचो सहित प्रत्येक ग्राम पंचायत से दस कार्यकर्ताओ को आमंत्रित किया गया है श्री रमणलाल हुवोर मंडल अध्यक्ष मडक्रोला ने बताया कि बैठक के लिए स्थानीय स्तर पर तैयारियां पूर्ण कर ली गई है और बैठक में प्रत्येक पंचायत में एक कार्यकर्ता को ये जिम्मेदारी दी गई है कि बैठक में दस कार्यकर्ता लाने होंगे और उन कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक युवाओं को पार्टी से जोडने के लिए पूर्व में कांग्रेस द्वारा किये गये विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना होंगा बैठक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आनंदपुरी के ब्लॉक अध्यक्ष मोहनलाल जी रोत मण्डल अध्यक्ष भुरालाल कटारा, स्वराज डोडियार नाहरपुरा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता पहुंचेंगे यह जानकारी युवा नेता सतीश ताबियार ने दी।

### मुख्यमंत्री की मंशानुसार प्रभावितों को राहत पहुंचाने के लिए फील्ड में सक्रिय हुआ जिला प्रशासन

# अतिवृष्टि से प्रभावित किसानों को शीघ्र मिलेगी राहत

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा विगत दिनों हुई अतिवृष्टि से प्रभावित किसानों की समस्याओं को लेकर बेहद संवेदनशील हैं। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि फसल खराबे से प्रभावित किसानों को हर संभव राहत शीघ्र उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री के इन निर्देशों की अनुपालना में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने प्रशासनिक अधिकारियों को अपने-अपने अधिकार क्षेत्र के गांवों में जाकर फसल नुकसान का जायजा लेने के निर्देश जारी किए।

कलक्टर डॉ. सोनी के निर्देशों पर शनिवार को उपखंड अधिकारियों, तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों ने वर्षा प्रभावित गांवों का दौरा किया। इस दौरान अधिकारियों ने खेतों में जाकर किसानों से संवाद किया और उनकी समस्याओं को सुना। अधिकारियों ने किसानों को आश्वस्त किया कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार मुआवजा दिलवाने की संपूर्ण प्रक्रिया नियमों के तहत प्राथमिकता से पूर्ण की जाएगी, जिससे प्रभावित किसानों को शीघ्र राहत मिल सके।

अधिकारियों ने प्रभावित क्षेत्रों में संबंधित हल्कों के पटवारियों के साथ मिलकर फसल नुकसान का मौके पर ही आकलन भी किया। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे निर्धारित समयावधि में बीमा अथवा मुआवजे से संबंधित आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराएं, जिससे शीघ्र ही राहत वितरण की कार्रवाई प्रारम्भ की जा सके।

अधिकारियों ने किसानों एवं ग्रामीणों को संवाद करते हुए आश्वस्त किया कि राज्य सरकार किसानों के साथ हर परिस्थिति में खड़ी है और अतिवृष्टि से हुए नुकसान की भरपाई हेतु राहत कार्यों को प्राथमिकता से आगे बढ़ाया जाएगा।

## सम्पादकीय

# भारत 'नेपाल' नहीं हो सकता

आजकल कुछ स्वयंभू राजनीतिक विश्लेषक, स्वघोषित जाट-किसान नेता और डॉ. संजय निषाद जैसे कुंठित और असंतुष्ट मंत्री सोशल मीडिया पर भविष्यवाणी कर रहे हैं अथवा बयान दे रहे हैं कि भारत में भी नेपाल जैसे हालात बन सकते हैं! मोदी सरकार के खिलाफ विद्रोह फूट सकता है, क्योंकि भारत में भी बेरोजगारी, महंगाई, आर्थिक असमानता खूब है। खासकर रोजगार को लेकर युवा वर्ग बेहद परेशान है, लिहाजा आक्रोशित है, बगावत पर उतारू हो सकता है! उद्धव की शिवसेना के झोलाटाइप नेता संजय राउत ने तो तब भी भारत में व्यापक बगावत की आशंकाएं जताई थीं, जब श्रीलंका और बांग्लादेश में जन-विद्रोह भडक़े थे। दरअसल भारत की तुलना छोटे, असंतुलित और निरंकुश देशों की अराजकता के साथ नहीं की जा सकती। ऐसे जन-विद्रोह लोकतांत्रिक नहीं माने जा सकते, क्योंकि इनमें पर्याप्त हिंसा, हत्याएं, आगजनी, सरकारी संपत्तियों के विध्वंस समाहित होते हैं। भारत का लोकतंत्र और संविधान भी अप्रतिम और अतुलनीय हैं। ऐसी ही टिप्पणी देश के प्रधान न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई ने भी की है कि हमारा संविधान ऐसा है कि देश स्थिर है और आगे भी रहेगा। प्रधान न्यायाधीश सरकार के 'भोंपू' नहीं हुआ करते। संजय निषाद उप्र सरकार में मंत्री हैं और उनकी पार्टी एनडीए का एक घटक है। उनकी कुंठाओं और असंतोष के मायने सिर्फ ये हैं कि उन्हें अपेक्षित और वांछित हिस्सा नहीं मिल पा रहा होगा! भारत में सबसे अलोकतांत्रिक, तानाशाह, न्यायपालिका पर भी अंकुश रखने वाला दौर 'आपातकाल' (1975-77) का था। तब भी तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के एकतंत्रवादी निर्णयों के खिलाफ विद्रोह नहीं हुआ, बल्कि राजनीतिक लामबंदियां की गईं। देश के बड़े नेताओं-सांसदों, पत्रकारों, लेखकों, गीतकारों आदि को 19 महीने तक जेलों में ठूंसा गया। उन्हें यातनाएं भी दी गईं। जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व वाली 'संपूर्ण क्रांति' बगावत में भी बदल सकती थी, लेकिन भारतीय के संस्कार, मूल्य, विश्वास पूरी तरह लोकतांत्रिक हैं। वह दौर भी अंतहीन नहीं रहा। अंततः चुनाव कराने पड़े और देश को एक नया राजनीतिक नेतृत्व मिला। दरअसल भारत के विभिन्न हिस्सों में कई आंदोलन किए जा चुके हैं। छात्रों, आरक्षणवादियों, आदिवासियों और किसानों के कई बड़े आंदोलन सामने आए हैं, लेकिन निरंकुश, हिंसक विद्रोह एक बार भी नहीं भडक़ा। मोदी सरकार के दौरान ही किसान आंदोलन एक साल से भी अधिक समय तक जारी रहा। कई किसान मारे गए। अंततः तंबू समेटने पड़े। मांगें आज तक भी अपूर्ण हैं, लेकिन किसानों ने देश की निर्वाचित सरकार के खिलाफ बगावत नहीं की। संवाद आज भी जारी हैं। बहरहाल खालिस्तान या पूर्वोत्तर राज्यों के उग्रवाद कोई आंदोलन नहीं, आतंकवाद के करीब थे। उन्हें भी सरकार के साथ संवाद की मेज पर आना पड़ा। दरअसल विश्व की आर्थिक महाशक्तियों के देशों में भी बेरोजगारी, महंगाई, सामाजिक तनाव, विरोध-प्रदर्शन के हालात बने रहे हैं। भारत 146 करोड़ से अधिक की सर्वाधिक आबादी वाला देश है, जिसकी आर्थिक विकास दर औसतन 6 फीसदी से ज्यादा रही है। बेशक टॉप 1 फीसदी लोगों के पास करीब 40 फीसदी संपत्ति है और निचले 50 फीसदी के पास सिर्फ 13 फीसदी है। यह आर्थिक असमानता गुलाम भारत में भी थी और आज स्वतंत्र भारत में भी है। यह अमरीका, जर्मनी, फ्रांस और चीन में भी है। हमारे 543 सांसदों में से 504 सांसद करोड़पति हैं। जो 324 सांसद फिर से 2024 में भी जीत कर आए हैं, उनकी संपत्ति 5 साल में करीब 43 फीसदी बढ़ी है। प्रत्येक भारतीय पर औसतन कर्ज 4.8 लाख रुपए है। यह कर्ज दो साल में करीब 90,000 रुपए बढ़ा है। देश में महंगाई दर 1.55 फीसदी और बेरोजगारी दर 5.2 फीसदी से कुछ अधिक है। बेशक स्थितियां बेहतर हुई हैं, लेकिन कुछ प्रवक्ताओं को आज भी 1970-80 वाला भारत लगता है, जब मुद्रास्फीति 15-20 फीसदी के बीच रहती थी।

## आज का इतिहास — बढ़ता राजस्थान

### 14 सितंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 1770 - डेनमार्क में प्रेस की स्वतंत्रता को मान्यता मिली।
- 1833 - विलियम वेंटिक, भारत में पहला गवर्नर जनरल बनकर आया।
- 1901 - अमेरिकी राष्ट्रपति विलियम मैकेंजी की अमेरिका में गोली मारकर हत्या कर दी गई।
- 1917 - रूस आधिकारिक तौर पर एक गणतंत्र घोषित हुआ।
- 1959 - लूना- 2 चंद्रमा की सतह पर उतरा। यह चंद्रमा की सतह तक पहुँचने वाली मानव निर्मित पहली वस्तु थी। इसने सोवियत संघ और अमेरिका में अंतरिक्ष स्पर्धा की शुरुआत की।
- 1960 - खनिज तेल उत्पादक देशों ने मिलकर ओपेक की स्थापना की।
- 1999 - किरीबाती, नाउरू और टोंगा संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुए।
- 2000 - माइक्रोसॉफ्ट ने विंडोज एम.ई. की लांचिंग की।
- 2000 - प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने अमेरिकी सीनेट के दोनों सदनों की सुयंक्त बैठक को सम्बोधित किया, ओलम्पिक मशाल सिडनी पहुँची।
- 2003 - गुयाना-बिसाउ में सेना ने राष्ट्रपति कुंबा माला सरकार का तख्ता पलटा।
- 2003 - एस्टोनिया यूरोपीय संघ में शामिल हुआ।
- 2006 - परमाणु ऊर्जा में सहयोग बढ़ाने पर इब्सा में सहमति। तिब्बत के आध्यात्मिक निर्वासित नेता दलाई लामा को संयुक्त राज्य अमरीका के सर्वोच्च न्यायालय सम्मान से सम्मानित करने की घोषणा। विश्व के सबसे बुजुर्ग जयपुर के निवासी 137 वर्षीय हबीब मियां अस्पताल में भर्ती।
- 2007 - जापान ने तानेगाशिया स्थित प्रेक्षेपण केन्द्र से पहला चन्द्र उपग्रह एच-2ए प्रक्षेपित किया।
- 2008 - रुस के पेर्म क्राई में पेर्म हवाई अड्डे पर एअरोफ़्लोट विमान 821 के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से विमान में सवार सभी 88 लोग मारे गए।
- 2009 - भारत ने श्रीलंका को 46 रनों से हराकर त्रिकोणीय सीरीज का कॉम्पैक कप जीता। भारत में लिएण्डर पेस व चेकगणराज्य के लुकास ड्लोही ने महेश भूपति और मार्क नोल्स की जोड़ी को हराकर यू. एस. ओपन के पुरुष युगल का ख़िताब जीता।
- 2013- हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य पर आपके भारतकोश का प्रक्षेत्र नाम (डोमेन नेम) और यू.आर.एल अंग्रेज़ी के अतिरिक्त अब हिंदी भाषा में भी उपलब्ध है।
- 2016- पैरा ओलंपिक 2016 में भारत के अब तक कुल 4 पदक हुए।

विशेष आलेख

# युवा भविष्य की दिशाः भजनलाल सरकार की संवेदनशीलता और शिक्षा संकल्प



डॉ नयन प्रकाश गांधी



मुख्यमंत्री अनुप्रति निःशुल्क कोचिंग योजना, भजनलाल सरकार की संवेदनशीलता का प्रमाण है, जो राजस्थान के 30,000 वंचित व गरीब वर्ग के युवा छात्रों के करियर निर्माण का सशक्त साधन बन रही है। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया, सामाजिक न्याय विभाग की पारदर्शिता और आवेदन में बढ़ी अंतिम तिथि, समावेशी विकास को गति देती है। मेडिकल, इंजीनियरिंग, प्रशासनिक, बैंकिंग, रीट जैसी 20+ परीक्षाओं के लिए चयनित कोचिंग संस्थानों में मुफ्त कोचिंग देते हुए आर्थिक और सामाजिक बाधाओं को तोड़ा जा रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार ने 'मुख्यमंत्री अनुप्रति निःशुल्क कोचिंग योजना' के माध्यम से युवाओं के भविष्य को आकार देने और समावेशी विकास की मिसाल पेश करने का उदार प्रयास किया है। आर्थिक और सामाजिक तौर पर वंचित युवाओं के लिए यह योजना न केवल सपनों को हकीकत में बदलने का माध्यम बनी है, बल्कि राज्य की सामाजिक न्याय व्यवस्था को भी नई दिशा देने का काम कर रही है। युवा सशक्तिकरण पर कार्य कर रहे आईआईपीएस मुंबई विश्विद्यालय के एलुमनाई पब्लिक पॉलिसी एक्सपर्ट डॉ नयन प्रकाश गांधी का मानना है कि यशस्वी मुख्यमंत्री राजस्थान भजनलाल सरकार की यह पहल युवा भविष्य की नई यात्रा के रूप में उन हजारों विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करती है, जिन्हें अब बेहतर शिक्षण और प्रतियोगिता के लिए बराबरी का अवसर प्राप्त होगा। इस योजना के तहत राज्य सरकार इस वर्ष 30,000 विद्यार्थियों को मेडिकल, इंजीनियरिंग, प्रशासनिक, बैंकिंग, बीमा, क्रश्वश्वञ्ज और अन्य 20 से अधिक प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रतिष्ठित संस्थानों में निःशुल्क कोचिंग सुविधा उपलब्ध करा रही है। खास बात यह है कि आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 30 सितंबर किया गया है ताकि ज्यादा से ज्यादा पात्र और इच्छुक युवा इसका लाभ उठा सकें। आवेदन पूरी तरह डिजिटल प्रक्रिया एसएसओ आईडी के जरिए होते हैं, जिससे पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित होती है। यही डिजिटल सशक्तिकरण युवा वर्ग को नई तकनीकी ताकत देता है।भजनलाल सरकार की संवेदनशीलता के चलते योजना में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत के नेतृत्व में सभी पात्र श्रेणियों अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस, दिव्यांगजन आदि को समान रूप से लाभ देने का प्रावधान सुनिश्चित किया गया है। ऐसी समावेशी नीति से राज्य में सामाजिक गतिशीलता को गहरा बल मिलता है, जिससे प्रतिभाशाली युवा आर्थिक सीमाओं और सामाजिक बाधाओं के बावजूद अपनी योग्यता का बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। यही पहल राजस्थान के युवा भविष्य' की नींव मजबूत करती है। मुख्यमंत्री अनुप्रति योजना के मूल उद्देश्य को देखें तो विद्यार्थियों को मेडिकल, इंजीनियरिंग, ष्ट्र, ष्टस्, ष्टरू्र, ष्टरुरञ्ज जैसी प्रमुख प्रवेश परीक्षाओं के साथ-साथ क्कस्ष्ट, क्रक्कस्ष्ट, पुलिस इंस्पेक्टर, बैंकिंग, इंश्योरेंस, क्रश्वश्वञ्ज एवं कांस्टेबल जैसी सरकारी नौकरियों के लिए आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं में मुफ्त कोचिंग की सुविधा मिलती है। इसके अतिरिक्त चयनित छात्रों को स्थानांतरण, आवास और भोजन के लिए भी सरकार द्वारा सालाना 40,000 रुपये की वित्तीय सहायता दी जाती है। चयन प्रक्रिया मेरिट, जिले और परीक्षा श्रेणी के आधार पर होती है जिससे प्रतिभा और योग्यता का सम्मान होता है। यह योजना राज्य के ग्रामीण हो नहीं शहरी क्षेत्र के हर गरीब जरूरतमंद आर्थिक रुप से कमजोर हर परिवारों के युवा बालकों बालिकाओं को मुख्यधारा में लाने का सशक्त माध्यम बन रही है। सामाजिक न्याय विभाग द्वारा क्रियान्वित यह पहल डिजिटल माध्यम से आवेदन, विस्तृत पात्रता श्रेणियां और पारदर्शी मेरिट लिस्ट जैसे प्रावधानों के साथ शिक्षा में उत्कृष्टता का नया मार्ग प्रशस्त करती है। भजनलाल सरकार की संवेदनशीलता के कारण अब सभी पात्र छात्र बिना शुल्क के कोचिंग प्राप्त कर उनके सपनों को हकीकत में बदल सकते हैं। यही सामाजिक न्याय का सच्चा मापदंड है।आर्थिक अभाव के चलते जो प्रतिभाशाली युवा अब तक प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी नहीं कर पाते थे, उनके लिए अनुप्रति कोचिंग योजना उम्मीद की नई किरण है। पंजीकरण के लिए स्स्ह्र पोर्टल तथा विभागीय ऐप्स का इस्तेमाल आसान और पारदर्शी प्रक्रिया को सुनिश्चित करता है। योजना के तहत प्रतिवर्ष तैयार की जाने वाली मेरिट सूची छात्रों को योग्य रास्ता दिखाती है। भजनलाल सरकार की संवेदनशील सोच, युवाओं के सुनहरे भविष्य की दिशा तय करती है।

यही पहल राजस्थान में समावेशी शिक्षा, रोजगार के समतुल्य अवसर और प्रतिस्पर्धी वातावरण को प्रोत्साहित करती है। भजनलाल सरकार ने गरीबी, जाति, क्षेत्र या अन्य सामाजिक-सांस्कृतिक बाधाओं को दरकिनार करके, सिर्फ योग्यता के आधार पर युवाओं को आगे बढने का अवसर प्रदान किया है।राजस्थान के युवा अब देश के किसी भी राज्य के स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार हैं। उनकी शिक्षा, परीक्षा तैयारी, डिजिटल सक्षमता व आर्थिक सहायता का दायरा बढ़ते ही उनकी पहचान और आत्मविश्वास भी दृढ़ हुआ है। यह विकास, प्रतिस्पर्धा और उम्मीदों की नई कहानी लिखता है, जिसमें हर युवा को अपने सपनों तक पहुंचने का अधिकार मिलेगा और राज्य की सामाजिक व आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी।इस ऐतिहासिक योजना ने राज्य के उन परिवारों में भी उम्मीद जगाई है, जहां उच्च शिक्षा और प्रतियोगिता अब तक महज एक सपना थी। यही युवा भविष्य की असली परिभाषा है और यही भजनलाल सरकार की युवा विकास के लिए कटिबद्धता है।

# हिंदी दिवस का संदेशः मातृभाषा में शिक्षा ही वास्तविक प्रगति

*मातृभाषा केवल संवाद का साधन नहीं, बल्कि हमारी पहचान और संस्कृति से जुड़ाव का माध्यम है। नई शिक्षा नीति (2020) ने कक्षा 5 तक मातृभाषा में शिक्षा पर बल दिया है, जिससे बच्चों की समझ, आत्मविश्वास और भागीदारी बढ़ेगी। अंग्रेज़ी का महत्व अपनी जगह है, परंतु प्रारंभिक शिक्षा मातृभाषा में ही सबसे प्रभावी है।*



डॉ. सत्यवान सौरभ

भाषा केवल संवाद का साधन नहीं है, बल्कि यह हमारी पहचान, संस्कृति और समाज से जुडऩे का आधार है। जिस भाषा में हम सोचते, सपने देखते और अभिव्यक्त होते हैं, वही हमारी मातृभाषा कहलाती है। भारत जैसे बहुभाषी देश में मातृभाषा का महत्व और भी बढ़ जाता है। हर वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य लोगों में हिंदी भाषा के प्रति जागरूकता और गर्व का भाव पैदा करना है। हिंदी दिवस केवल हिंदी के प्रचार-प्रसार का अवसर नहीं है, बल्कि यह मातृभाषाओं के महत्व और शिक्षा में उनके उपयोग पर विचार करने का भी अवसर है।

मातृभाषा व्यक्ति की सोच, संस्कार और भावनाओं से गहराई से जुड़ी होती है। यह बच्चों के लिए सीखने का सबसे स्वाभाविक और सहज माध्यम है। जब कोई बच्चा अपनी भाषा में शिक्षा ग्रहण करता है तो वह अधिक आत्मविश्वास और रुचि से सीखता है। मातृभाषा बच्चों की संज्ञानात्मक क्षमता को विकसित करती है, यह उन्हें सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान से जोड़ती है, मातृभाषा में शिक्षा प्राप्त करने वाला छात्र बेहतर तरीके से अपनी बात कह पाता है और यह शिक्षा को रटने की बजाय समझने की प्रक्रिया बनाती है।

भारत सरकार ने 34 वर्षों बाद 2020 में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की। इस नीति ने शिक्षा के क्षेत्र में बड़े बदलाव करने का मार्ग प्रशस्त किया। सबसे अहम निर्णय था कि कक्षा 5 तक और जहां संभव हो वहां 8वीं तक शिक्षा का माध्यम मातृभाषा, स्थानीय या क्षेत्रीय भाषा होना चाहिए। यह निर्णय इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे बच्चों को शिक्षा उसी भाषा में मिलेगी जिसमें वे घर और समाज में बातचीत करते हैं। अनुसंधानों से भी यह सिद्ध हुआ है कि मातृभाषा में प्रारंभिक शिक्षा मिलने से बच्चे की समझ बेहतर होती है, ड्रॉपआउट दर कम होती है और कक्षा में उनकी भागीदारी अधिक होती है। भारतीय संविधान भी मातृभाषा में शिक्षा का समर्थन करता है। अनुच्छेद 350् कहता है कि राज्यों को भाषाई अल्पसंख्यकों के बच्चों के लिए मातृभाषा में शिक्षा की व्यवस्था करनी चाहिए। कोठारी आयोग (1964-66) ने सुझाव दिया था कि आदिवासी क्षेत्रों में प्रारंभिक वर्षों में शिक्षा स्थानीय जनजातीय भाषा में होनी चाहिए। शिक्षा का अधिकार अधिनियम (2009) में भी यह प्रावधान किया गया कि जहां तक संभव हो, शिक्षा का माध्यम बच्चे की मातृभाषा हो। आज की सबसे बड़ी समस्या यह है कि अभिभावक अंग्रेजी माध्यम स्कूलों को ही श्रेष्ठ मानते हैं। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में माता-पिता बच्चों को इंग्लिश मीडियम स्कूलों में भेजने की होड़ में लगे रहते हैं। वे मानते हैं कि अंग्रेजी ही सफलता की कुंजी है। शिक्षा की गुणवत्ता पर ध्यान दिए बिना केवल अंग्रेजी को प्राथमिकता दी जाती है। ग्रामीण भारत में निजी अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में दाखिले की संख्या तेजी से बढ़ रही है। लेकिन सच्चाई यह है कि भाषा कभी भी सफलता की गारंटी नहीं हो सकती। असली सफलता अच्छी शिक्षा, आत्मविश्वास और ज्ञान पर आधारित होती है। यदि बच्चे को ऐसी भाषा में शिक्षा दी जाए जिसे वह समझ ही नहीं पाता, तो न तो उसका आत्मविश्वास बढ़ेगा और न ही वह शिक्षा का सही लाभ ले पाएगा।

## व्यंग्य — बढ़ता राजस्थान

**विवेक रंजन श्रीवास्तव**

हिंदी दिवस पर समूचा भाषाई परिदृश्य बड़ा ही रंगीला होता है। हर साल 14 सितंबर बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है । इसका ही अंतर्राष्ट्रीय वर्जन 10 जनवरी को मनाया जाता है। हिंदी दिवस पर सरकारी कार्यालयों में बड़े-बड़े बैनर टंगे होते हैं हिंदी हमारी शान, हिंदी हमारी आन। लेकिन जैसे ही यह दिन बीतता है, हिंदी फिर वहीं की वहीं रह जाती है । हां हिंदी दिवस समारोह में भाषण, निबंध और वाद विवाद प्रतियोगिता की फोटो संस्थान की वेबसाईट पर अपलोड हो जाते हैं। ये और बात है कि वेबसाइट के हिन्दी वर्शन की तलाश करने के लिए क्लिक करें तो पेज पर मैसेज आता है कमिंग सून। पोर्टल डेवलपर बेपरवाह कहता है कुछ तो लोग कहेंगे, लोगों का काम है कहना । हिंदी दिवस पर स्कूल में कार्यक्रम होते हैं। बच्चे मेरी हिंदी, मेरी शान गाने गाते हैं। किसी नन्हे बच्चे की मासूम आवाज में वंदे मातरम गूंजता है। शिक्षकगण गर्व से कहते हैं हिंदी हमारी राष्ट्रीय भाषा है। इसे हर दिल में बसाना चाहिए। पर जैसे ही स्कूल की छुट्टी की घंटी बजती, बच्चों के पेरेंट्स गेट पर अपने बच्चों को गोद में उठाकर पूछते हाऊ वाज फंक्शन ?? डिजिटल इंडिया के नवयुग में हिंदी को सम्मान देने के सर्कुलर के परिपालन में बैंक के फॉर्म्स हो या स्वास्थ्य सेवा से जुड़े एप्लिकेशन, हिंदी में भरने की प्रक्रिया सुलभ कर दी गई है। भले ही वह इतनी उलझी-सी है कि इसे समझने के लिए हाऊ टू फिल हिंदी फार्म नामक गाइड्स बनानी पड़ती हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि हिंदी अंडर कंस्ट्रक्शन । स्वास्थ्य सेवा में तो हिंदी की कहानी बड़ी मजेदार है। मरीज अस्पताल में अपनी समस्या हिंदी में बताने की कोशिश करता है, जबकि डॉक्टर अंग्रेजी में प्रिस्क्रिप्शन लिखते हैं। एक पल के लिए ऐसा लगता है कि डॉक्टर और मरीज के बीच भाषा का पुल दवा दुकानदार के माध्यम से ही बना है। दवा के लिफाफों पर दुकानदार दिन में तीन बार लिख देता है तब मरीज को समझ आता है कि यह थ्राईस डेली क्या होता है। मेडिकल रिपोर्ट समझने के लिए लाल अक्षरों वाले पैरामीटर भर देखने लायक अंग्रेजी शिक्षा हर हिंदी भाषी को आ ही जाती है।

## हैल्थ टिप्स — बढ़ता राजस्थान

# हड्डियों से आती है चटकने की आवाज, अर्थराइटिस के जानें लक्षण और इलाज

### के जानें लक्षण और इलाज

**कूल्हे में दर्द होना बहुत ही नॉर्मल सी बात है। लेकिन इस दर्द की वजह से अगर आपको चलने, उठने और बैठने या डेली रुटीन के काम करने में परेशानी आती हैं, तो आपको डॉक्टर को दिखाना चाहिए। हो सकता है कि यह दर्द नॉर्मल न होकर कूल्हों का गठिया या ऑस्टियोपोरोसिस की समस्या हो। जी हां कूल्हे के गठिया को अंग्रेजी में हिप अर्थराइटिस के नाम से जाना जाता है। यह रोग भी गठिया की ही तरह जोड़ों की सूजन और दर्द से जुड़ा रोग है। जो आमतौर पर विटामिन सी, विटामिन डी और कैल्शियम की कमी की वजह से होता है। ज्यादातर लोग बढ़ती उम्र के साथ हड्डियों की कमजोरी और चलने-फिरने में दिक्कत की शिकायत करने लगते हैं। ऐसे में कुछ खास मौसम में या फिर कई बार उठने-बैठने पर गठिया का दर्द बढ़ जाता है। हिप अर्थराइटिस के लक्षण हिलने में परेशानी कूल्हों या हिप में दर्द बढऩे पर इनमें कठोरता बढ़ सकती है। ऐसे में बुजुर्गों को रोजमर्रा के काम करने में परेशानी हो सकती है। हिप यानी कूल्हों में दर्द खड़े होने या सीढिय़ां चढऩे, उठने और बैठने पर हिप यानी कूल्हों में दर्द। समय के साथ ये दर्द बढक़र कमर, जांघ या नितंबों (मलाशय का बाहरी भाग) तक भी फैल सकता है।**

### हिप अर्थराइटिस के वजह

**अधिक उम्र ज्यादातर लोगों में तो यह बीमारी अधिक उम्र के बाद ही देखने को मिलती है, लेकिन कभी-कभी कम उम्र के लोगों को भी इस बीमारी से जूझना पड़ सकता है। ज्यादा वजन कम उम्र के लोगों में यह समस्या अधिक वजन होने की वजह से भी होती है। वजन बढऩे के साथ-साथ शरीर में कैल्शियम की कमी से भी हड्डियों में कमजोरी और घुटनों तथा जोड़ों के चटकने की आवाज आती है।**

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। छोटे बच्चों के साथ आप मौज मस्ती करते नजर आएंगे और दोस्तों के साथ आप किसी पार्टी आदि को करने की योजना बना सकते हैं। आप काम से छुट्टी लेकर रिलैक्स रहेंगे।

**वृष**
आज आपकी कोई अधूरी इच्छा थी, तो वह पूरी हो सकती है और आपने यदि किसी को कर्जो दिया था, तो वह भी आपको वापस मिल सकता है। जीवन साथी से आपके संबंधों में यदि कुछ कड़वाहट चल रही थी।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए कोई निर्णय सोच समझ कर लेने के लिए रहेगा। धर्म-कर्म के कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी। बड़े सदस्यों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आप अपने माता जी की सेहत को लेकर परेशान रहेंगे।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए किसी निवेश को करने के लिए रहेगा और कारोबार में आपको काम अधिक होने के कारण कुछ नए लोगों को शामिल करना पड़ सकता है और प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने पार्टनर के साथ समय व्यतीत करेंगे।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए प्रभाव व प्रताप में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट करने से अच्छा लाभ मिलेगा, लेकिन आप कोई जोखिम न लें।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। धर्म कर्म के कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी। आपको किसी नए पद की प्राप्ति होने से आपका मन काफी खुश रहेगा। आप अपने घर के रिनोवेशन का काम शुरू कर सकते हैं।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए चिंता ग्रस्त रहने वाला है। आप अपने पारिवारिक मामलों को लेकर थोड़ा सावधान रहेंगे। रुपये पैसे से जुड़ा कोई लेनदेन सोच समझ कर करें। आपकी संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेंगी।

**वृश्चिक**
आज का दिन नौकरी में कार्यरत लोगों के लिए बढिय़ा रहने वाला है। आपको अपने बढ़ते खर्चों को नियंत्रण में करना होगा। आपका कोई पुराना मित्र आपसे लंबे समय बाद मिलने आएगा। दांपत्य जीवन में आपसी प्रेम बना रहेगा।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए इनकम को बढ़ाने वाला रहेगा। आपको भाई-बहनों का पूरा सहयोग मिलेगा। आपकी कुछ खास लोगों से मुलाकात होगी, जो आपके लिए लाभदायक रहेगी। आपको किसी सहयोगी की कोई बात बुरी लग सकती है।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए सुख साधनों में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप किसी नए वाहन की खरीदारी कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी। परिवार में किसी शुभ व मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए कुछ नया करने के लिए रहेगा। आप कोई मौका हाथ से जाने नहीं देंगे और अपने व्यवसाय में कुछ बदलाव करेंगे, जो आपके लिए अच्छे रहेंगे। परिवार में किसी सदस्य को यदि आप कोई सलाह देंगे।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए समस्याओं भरा रहने वाला है। आपको किसी वाद विवाद को बढ़ावा देने से बचना होगा, तभी परिवार का माहौल भी और शांतिपूर्ण हो सकता है। आप किसी धार्मिक यात्रा पर जाने की तैयारी कर सकते हैं।

## आयुर्वेद चिकित्सा शिविर में 52 रोगियों को परामर्श मिला



**बढ़ता राजस्थान देवली (गोविंद सिंह सेठी) ।** यहाँ आयुर्वेद चिकित्सा शिविर में 52 रोगियों को परामर्श मिला ।जन सेवा समिति, देवली और कृष्ण गोपाल आयुर्वेद भवन (धर्मार्थ ट्रस्ट), कालेड़ा के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को किया गया। यह आयोजन स्थानीय राजस्थान पेंशनर भवन (तहसील परिसर) में नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा एवं परामर्श शिविर लगा। जन सेवा समिति के अध्यक्ष नवल किशोर मंगल ने जानकारी ने बताया कि शिविर सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक चला। समिति के अध्यक्ष नवल किशोर मंगल ने बताया कि शिविर में कृष्ण गोपाल आयुर्वेद भवन के अनुभवी वैद्य सुशील कुमार शर्मा ने 52 रोगियों की जांच कर उन्हें परामर्श दिया और नि:शुल्क आयुर्वेदिक दवाइयां भी वितरित कीं। वैद्य ने श्वास, खांसी, नजला, जुकाम, चर्म रोग, सिरदर्द, मुखपाक, मस्से, अजीर्ण, पेट के रोग, अतिसार, गठिया, सूजन, पांडु, मधुमेह, पथरी और स्त्री रोगों सहित का उपचार दिया।

दवाई वितरण में उपवैद्य लक्ष्मी नारायण सोनी और परिचारक रघुवीर वर्मा ने सहयोग किया। शिविर को सफल बनाने में प्रबंधक घीसालाल टेलर, कन्हैया लाल लुनिवाल, महावीर कुमार जैन, सत्यनारायण गोयल, राजेंद्र शर्मा, प्रहलाद शर्मा, सुरेंद्र सिंह शक्तावत, भंवरलाल नायक, श्याम लाल पारीक और राजेंद्र शर्मा ने अपनी सेवाएं दी।

## रविवार को जैन मुनि महाराज करेंगे औद्योगिक क्षेत्र का भ्रमन



बढ़ता राजस्थान देवली (गोविंद सिंह सेठी) । शहर में चातुर्मास कर रहे जैन मुनि प्रणीत सागर महाराज और क्षुल्लक विधेय सागर 14 सितंबर को औद्योगिक क्षेत्र देवली का भ्रमण करेंगे। जिसको इंडस्ट्रियल क्षेत्र के अध्यक्ष कृष्ण कुमार गोयल ने जानकारी में बताया कि मुनि महाराज के स्वागत में एक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया है। रीको अध्यक्ष कृष्ण गोयल ने बताया कि जैन मुनि सुबह 8.30 बजे पार्श्वनाथ धर्मशाला से श्रुतशाला के विद्यार्थी और लोगों के साथ रवाना होंगे। औद्योगिक क्षेत्र में जैन मुनि की आहारचर्या और प्रवचन होंगे। उन्होंने बताया कि स्वागत द्वार पर उनका स्वागत किया जाएगा। इस दौरान जैन मुनि को विभिन्न औद्योगिक इकाइयों का भ्रमण कराया जाएगा और उनका पाद प्रक्षालन भी किया जाएगा।

## राहगीर से मारपीट कर मोबाइल छीनने वाले दो युवक गिरफ्तार,मोबाइल बरामद



**बढ़ता राजस्थान देवली (गोविंद सिंह सेठी) ।** निकटवर्ती हनुमान नगर थाना पुलिस ने शहर के कोटा रोड पर एक राहगीर से मारपीट कर मोबाइल छीनने के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर मोबाइल बरामद किया है। हनुमान नगर थाना प्रभारी गणेशराम मीणा द्वारा गठित टीम में शामिल एएसआई दुर्गालाल, हैड कांस्टेबल कालूराम व कैलाश चन्द्र, कांस्टेबल लालाराम, भगत सिंह, लेखराज व धर्मेन्द्र ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी शादाब मोहम्मद पुत्र मुस्ताक मोहम्मद (22) निवासी अंसारी कॉलोनी, थाना हनुमाननगर एवं रवि पुत्र बाबूलाल कोली (25) निवासी एजेंसी एरिया देवली थाना देवली को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से छीना गया मोबाइल बरामद कर जप्त कर लिया। थाना अधिकारी गणेशाराम मीणा ने बताया

## छात्राओं से छेड़छाड़ के दो आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने दिखाई तत्परता

**बढ़ता राजस्थान देवली (गोविंद सिंह सेठी) ।** स्थानीय पुलिस ने एक त्वरित कार्रवाई करते हुए राह चलती छात्राओं से छेड़छाड़ करने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। यह घटना शनिवार को हुई जब दो नर्सिंग छात्राएं कॉलेज जा रही थी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, दूनी निवासी दो छात्राएं जीएनएम नर्सिंग के लिए प्रतिदिन देवली आती हैं। शनिवार को दोनों छात्राएं होटल गोविंदा के पास बस से उतरकर पैदल नर्सिंग कॉलेज जा रही थीं। इसी दौरान एक कार में सवार दो युवक आए और उन्होंने एक छात्रा के साथ छेडख़ानी और बदतमीजी की। इसके बाद वे वापस लौटे और छात्रा को पकडऩे का भी प्रयास किया। इस घटना से घबराई छात्राएं रोने लगीं, जिसे देखकर

## विश्व ओजोन दिवस पर दो दिन तक होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**बढ़ता राजस्थान सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** विश्व ओजोन दिवस पर पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 15 एवं 16 सितम्बर को पर्यावरण जन चेतना रैली, ड्रॉईंग, क्वीज एवं निबंध सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उप वन संरक्षक एवं सदस्य सचिव जिला पर्यावरण समिति सुनील कुमार ने बताया कि विश्व ओजोन दिवस के उपलक्ष्य में 15 सितंबर को महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय कुस्तला सवाई माधोपुर में पर्यावरण संरक्षण से संबंधित ड्रॉईंग, क्वीज एवं निबंध सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। वहीं राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के सतत् परिवेशी वायु गुणवत्ता तंत्र द्वारा प्रदर्शित होने वाली ओजोन दिवस से संबंधित स्लाइड का प्रदर्शन जिला मुख्यालय स्थित एलईडी स्क्रीन पर किया जाएगा। इसी प्रकार 16 सितंबर को विश्व ओजोन दिवस पर कलेक्ट्रेट परिसर से मुख्य बाजार बजरिया, सब्जी मण्डी होते हुए वापिस कलेक्ट्रेट तक पर्यावरण जन चेतना रैली निकालकर आमजन को ओजोन परत के संरक्षण और स्वच्छ वायु के महत्व के प्रति जागरूक किया जाएगा।

**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर गांवों में चलेगा जनहित और विकास से जुड़ा विशेष अभियान- 17 सितम्बर से**

# प्रत्येक ग्राम पंचायत में लगेंगे ग्रामीण सेवा शिविर- आमजन को मौके पर मिलेगी राहत, हाथों-हाथ होंगे ग्रामीणों के काम

बढ़ता राजस्थान

**टोंक(का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में 17 सितंबर (बुधवार) से ग्राम पंचायतों में जनहित और विकास से जुड़े कार्यों द्वारा आमजन को राहत पहुंचाने के लिए ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान गांव-गांव में साफ-सफाई, आधारभूत सुविधाओं का विस्तार और आमजन को योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर विशेष जोर दिया जाएगा। साथ ही, सहकारिता से समृद्धि को साकार रूप देने के लिए सहकार सदस्यता अभियान भी शुरू किया जाएगा।



### यहां लगेंगे शिविर

जिला कलेक्टर ने बताया कि ग्रामीण सेवा शिविर- 2025 के तहत बुधवार,17 सितंबर को उपखंड टोंक की ग्राम पंचायत मेहंदवास व पालड़ा,पीपलू में बगड़वा व संदेड़ा, उपखंड निवाई में दहलोद व ललवाड़ी, मालपुरा में नगर व कुराड, देवली में नासिरदा व देवड़ावास,उनियारा में ढिकोलिया व देवली एवं टोडारायसिंह की ग्राम पंचायत उनियारा खुर्द व कुहाड़ाबुजुर्ग में शिविर आयोजित होंगे। इसी तरह 18 सितंबर को उपखंड टोंक की ग्राम पंचायत लांबा व दाखिया, पीपलू में झिराना व निम्हेडा, उपखंड निवाई में अरनिया व श्रीरामपुरा, मालपुरा में पारली व पचेवर, देवली में गुराई व टोडा का गोठड़ा, उनियारा में बिलोता व कुंडेर एवं टोडारायसिंह की ग्राम पंचायत पंवालिया व मेहरू में शिविर लगाएं जाएंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शिविरों का आयोजन सप्ताह के प्रत्येक गुरूवार, शुक्रवार और शनिवार को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक किया जाएगा। प्रतिदिन पंचायत समिति की 2 ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जाएगा और प्रत्येक पंचायत समिति की प्रत्येक ग्राम पंचायत में शिविर का आयोजन होने तक अभियान जारी रहेगा। राज्य सरकार द्वारा 2 अक्टूबर 2025 से आयोजित होने वाले सहकार सदस्यता अभियान के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित होने वाले शिविरों का आयोजन भी ग्रामीण सेवा शिविरों के साथ ही किया जाएगा। अभियान की शुरूआत के पहले सप्ताह में बुधवार को भी शिविर आयोजित किये जाएंगे। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने बताया कि जिला स्तर पर अभियान की तैयारी, क्रियान्वयन, मॉनिटरिंग एवं समीक्षा की सम्पूर्ण जिम्मेदारी जिला नोडल अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर राम रतन सौंकरिया एवं तकनीकी नोडल अधिकारी(एसीपी) श्याम सुंदर जांगिड़ की होगी। एक तिथि पर एक पंचायत समिति की दो नजदीक स्थित ग्राम पंचायतों पर शिविर का आयोजन किया जाएगा, ताकि पर्यवेक्षण में सुविधा रहे। जिला कलक्टर ने ब्लॉक स्तर पर उपखंड अधिकारी को प्रभारी एवं विकास अधिकारी को सहायक प्रभारी बनाया है। साथ ही शिविरों की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए उपखंड उनियारा के लिए मुख्य कार्यकारी अधिकारी परशुराम धानका, टोंक व टोडारायसिंह के लिए एडीएम रामरतन सौकरिया, मालपुरा के लिए भू प्रबंध अधिकारी सुरेश चौधरी, देवली के लिए एडीएम बीसलपुर भूपेंद्र यादव, निवाई के लिए सहायक कलेक्टर अनीता खटीक, एवं पीपलू क्षेत्र के लिए एसीईओ ललित कुमार को लगाया है।

## प्रिंसिपल और एडिशनल प्रिंसिपल ने संभाला कार्यभार, पीएमओ ने किया स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**टोंक(का.स.)।** मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल और एडिशनल प्रिंसिपल पद पर मेडिकल अधिकारियों ने अपना अपना पदभार संभाल लिया है। प्रिंसिपल पद पर डॉ. लोकेंद्र शर्मा और एडिशनल प्रिंसिपल पद पर डॉ. निधि सिंह ने जॉइन कर लिया है।शुक्रवार शाम को टोंक पहुंचने पर दोनों चिकित्सा अधिकारियों का पीएमओ डॉ. हनुमान प्रसाद बैरवा समेत अन्य ने बुके देकर स्वागत किया। इस मौके पर प्रिंसिपल शर्मा और एडिशनल प्रिंसिपल सिंह ने डॉक्टरों से परिचय प्राप्त कर बातचीत की।





गत दिनों इसी माह सरकार की ओर से टोंक मेडिकल कॉलेज के लिए 50 सीटों का आवंटन किया था। उसके बाद सरकार ने इस मेडिकल कॉलेज में प्रिंसिपल और एडिशनल प्रिंसिपल की नियुक्ति की थी। ऐसे शुक्रवार शाम को दोनों मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल और एडिशनल प्रिंसिपल ने अपना-अपना पदभार संभाल लिया है।

अब जल्द ही संभवत इस माह के अंत तक एमबीबीएस के स्टूडेंट भी आ जाएंगे और टोंक मेडिकल कॉलेज में पहला बैच चालू हो जाएगा। उसके बाद टोंक के लोगों को और चिकित्सा सेवाएं बेहतर मिल पाएंगी।

**जयपुर और पाली से हुआ है ट्रांसफर**

टोंक मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. शर्मा इससे पहले आरयूएचएस मेडिकल कॉलेज में फार्माकोलॉजी डिपार्टमेंट में सीनियर प्रोफेसर थे। इससे पहले भी शर्मा अलवर मेडिकल कॉलेज में भी प्रिंसिपल रह चुके हैं। वहीं एडिशनल प्रिंसिपल डॉ. निधि सिंह इससे पहले दंत चिकित्सा विभाग मेडिकल कॉलेज पाली में प्रोफेसर थी।

## मानसून से क्षतिग्रस्त भवनों की मरम्मत हेतु 7 करोड़ 62 लाख 87 हजार रुपए की स्वीकृति

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा के अथक प्रयासों से मानसून वर्ष 2025 के दौरान अत्यधिक वर्षा एवं बाढ़ से जिले के विभिन्न क्षतिग्रस्त आंगनबाड़ी, विद्यालय, पंचायत तथा चिकित्सा भवनों की मरम्मत एवं पुर्नस्थापना के लिए राज्य आपदा मोचन निधि (एसडीआरएफ) से कुल 395 भवनों की मरम्मत के लिए 7 करोड़ 62 लाख 87 हजार रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

जिला कलक्टर काना राम ने बताया कि अगस्त माह में जिले से भेजे गए प्रस्तावों के आधार पर यह सहायता स्वीकृत हुई है। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को मरम्मत कार्यों को प्राथमिकता के साथ शुरू कर 30 दिनों में पूर्ण करने तथा आवश्यकता पडऩे पर अतिरिक्त राशि हेतु प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए हैं। कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने हेतु सभी आवश्यक अभिलेख सुरक्षित रखने के निर्देश प्रदान किए है।

### आंगनबाड़ी भवनों की मरम्मत

जिले के विभिन्न तहसीलों में कुल 63 आंगनबाड़ी भवनों की मरम्मत हेतु 1 करोड़ 6 लाख 62 हजार रुपए की स्वीकृति दी गई है। इसमें सवाई माधोपुर में 10 कार्यों हेतु 20 लाख रुपए, चौथ का बरवाड़ा में 15 कार्यों हेतु 22.50 लाख रुपये, खंडार में 15 कार्यों हेतु 18.12 लाख रुपये और बौंली में 23 कार्यों हेतु 46 लाख रुपए स्वीकृत किए गए है। मानसून से प्रभावित 300 विद्यालय भवनों की मरम्मत हेतु 6 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है।

## तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत में 152 प्रकरणों का हुआ समाधान

बढ़ता राजस्थान

निवाई (का.स.)। अपर जिला एवं सेशन न्यायालय में राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार तालुका विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की गई। बार एसोसिएशन अध्यक्ष एडवोकेट महेश शर्मा ने बताया कि न्यायालय के सभागार में अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश व तालुका अध्यक्ष सृष्टि चौधरी एवं तहसीलदार नरेश गुर्जर के सानिध्य में लोक अदालत का आयोजन हुआ। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में विवादित समस्त पक्षों के बीच समझाइस करके 152 प्रकरणों का समाधान किया गया। इसी प्रकार लोक अदालत में बिजली, पानी, बैंक, बीएसएनएल व जेवीवीएनएल सहित 39 मामलों का राजीनामा करवाया गया। जिसके तहत करीब 28 लाख 24 हजार 279 रुपए की वसूली की गई। तालुका अध्यक्ष सृष्टि चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य लोक अदालत के माध्यम से न्याय की सुलभता को सुनिश्चित करना एवं विवादों का त्वरित निपटारा करना है।




## ठाकुर का कुआं लघु फिल्म दिखाकर विद्यार्थियों को किया जागरूक

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** राजकीय महाविद्यालय, राजकीय कन्या महाविद्यालय एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य प्रोफेसर दीपकराज जैन की अध्यक्षता में प्रेमचंद कथा साहित्य की वर्तमान प्रासंगिकता विषय पर नोडल महाविद्यालय में कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला में राष्ट्रीय हिंदी दिवस भी मनाया गया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी रूपा चैधरी ने बताया की अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के संदर्भ व्यक्ति अनुपमा ने प्रेमचंद की कहानी ठाकुर का कुआं पर एक लघु फिल्म दिखाकर वर्तमान समय की स्थितियों से अवगत करवाया।




उन्होंने बताया कि प्रेमचंद का कथा साहित्य उस समय में जितना यथार्थवादी था वर्तमान समय में भी उन सभी मूल्य एवं मापदंडों पर खरा उतरता है। फाउंडेशन के संदर्भ व्यक्ति शतानती ने अजीम प्रेमजी स्कॉलरशिप के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कन्या महाविद्यालय एनएसएस अधिकारी डॉ प्रीति जैन ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के दौरान कन्या महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर पानमल पहाडिया व सहायक आचार्य राजेशकुमार मीणा सहित कई छात्र-छात्राए मौजूद थे।

## शहर चलो अभियान कल से

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार नगरपालिका के तत्वावधान में सोमवार से शहर चलो अभियान को लेकर शहर में विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। अधिशाषी अधिकारी मनोहरलाल जाट ने बताया कि 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक शहर के सभी वार्डों में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि शहर चलो अभियान के तहत सोमवार को अग्रवाल धर्मशाला में वार्ड नम्बर 5, 6, 7, 13, 14, 15 व 16 का शिविर आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि शिविर के माध्यम से वार्डों में साफ- सफाई, स्ट्रीट लाईट रिपेयर व नई लाईट लगाना, टूटे फेरोकवर व क्रॉस सही कराना, ब्लैक स्पॉट सही करवाना, पैच वर्क, सार्वजनिक पार्कों व सार्वजनिक शौचालयों की साफ-सफाई व रिपेयर, सिवरेज कनेक्शन व रिपेयर, कार्यालय में पेंडिंग पत्रावलियों का निस्तारण, विभिन्न प्रकार के स्टेट व ग्रांट एक्ट के पट्टे, कच्ची बस्ती, 69 ए, कृषि भूमि, भू उपयोग परिवर्तन, खांचा भूमि, नामांतरण, भवन निर्माण स्वीकृति, ट्रेड लाइसेंस, फायर एनोसी, स्ट्रीट वेंडर रजिस्ट्रेशन, उप विभाजन-एकीकरण, लीज मुक्ति प्रमाण पत्र, जन्म- मृत्यु, विवाह पंजीयन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मुख्यमंत्री स्वनिधि व प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत आवेदन, प्रधानमंत्री आवास व शौचालय निर्माण के आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। अधिशासी अधिकारी ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि सरकार की मंशानुसार शिविरों में अधिक से अधिक लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करें।

## राष्ट्रीय लोक अदालतः मनमुटाव समाप्त कर फिर से एक हुए दम्पति

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के तत्वाधान में जिला मुख्यालय सहित तालुका गंगापुर सिटी, बौंली, खण्डार एवं बामनवास में स्थित न्यायालयों एवं न्यायालय चौथ का बरवाड़ा में शनिवार को इस वर्ष की तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 10 बैंचों के माध्यम से न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों एवं प्री-लिटीगेशन स्तर के राजीनामा योग्य प्रकरणों का निस्तारण किया गया। राजीनामा योग्य आपराधिक विवाद, सम्पति, भूमि संबंधित विवाद, टेलिकॉम सम्बन्धित मामले, जलदाय विभाग एवं विद्युत विभाग द्वारा बिलों के भुगतान से संबंधित मामलों तथा बैंकों द्वारा रिकवरी के मामलों एवं अन्य राजीनामा योग्य प्रकरणों का आपसी सहमति से निस्तारण किया गया। जिला मुख्यालय सवाई माधोपुर पर गठित बैंच संख्या 02 की अध्यक्षता कर रहे असीम कुलश्रेष्ठ, विशिष्ट न्यायाधीश एससी/एसटी न्यायालय एवं पैनल अधिवक्ता राजेन्द्र यादव के प्रयासों से पारिवारिक न्यायालय में दाम्पत्य संबंधों की पुर्नस्थापना से संबंधित लंबित प्रकरण बृजेश बनाम लक्ष्मी का आपसी राजीनामे से निस्तारण किया गया। उभय पक्षकारों ने बताया कि उनके मध्य जुलाई 2023 से मनमुटाव चल रहा था। इस संबंध में जून 2025 में पारिवारिक न्यायलय में प्रकरण दायर किया गया। प्रकरण दायर होने के पश्चात न्यायालय द्वारा पति-पत्नि के मध्य समझाईश हेतु प्रयास किये गये। काफी समझाईश के पश्चात दोनों पति-पत्नि लोक अदालत की भावना से फिर से एक होने के लिए राजी हुए। दोनों पति-पत्नी ने एक-दूसरे को माला पहनाकर फिर से एक-दूसरे के साथ रहना स्वीकार किया।




जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर की सचिव समीक्षा गौतम ने उनके इस फैसले की तारीफ करते हुए बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत सौहार्दपूर्ण तरीके से त्वरित न्याय प्राप्त करने का एक बेहतरीन मंच है, राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रकरणों का निस्तारण हो जाने से उभय पक्षकारों के मध्य आपसी सौहार्द कायम होता है, साथ ही न्यायालयों में लंबित प्रकरणों में भी कमी होती है।

## बानसूर की बेटी को मिली पीएच-डी की उपाधि,क्षेत्र में ख़ुशी का माहौल



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** नगर पालिका क्षेत्र निवासी सोनाली मीणा को पीएच-डी की उपाधि मिलने पर क्षेत्र में ख़ुशी का माहौल है। गणमान्य लोगों ने डॉ मीणा को उनके पैतृक आवास पहुँचकर बधाई एवं शुभकामनाएँ दी और मीणा का मुँह मीठा कराया। इस मौके पर सोनाली मीणा ने कहा कि राजनीति विज्ञान के शोध विषय में महिला सशक्तिकरण में पंचायती राज की भूमिका मैंने इसलिए चुना कि महिलाओं का 50त्नआरक्षण पंचायती राज में आरक्षित है। जब पंचायती राज में महिलाएं चुनकर आएंगी तो उनकी भूमिका क्या हो सकती !वे किस प्रकार अपने विवेक और अधिकारों का उपयोग कर महिलाओं को आत्मनिर्भर बना सकती हैं, जिससे समाज में महिलाओं का सम्मान बढ़ सके। जब ग्रामीण महिलाओं को आत्म सम्मान से जीने का अवसर मिलेगा तो लोकसभा और विधानसभा के 33त्नआरक्षण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकेंगी। मीणा ने बताया कि जब ग्रामीण परिवेश की महिलाएं लोकसभा और विधानसभाओं में जाएंगी तो निश्चित रूप से भारतीय की महिलाओं की आवाज को बुलंद कर सकेंगी और उनके हक़ और अधिकार की सुरक्षा कर सकेंगी।

## तहसील क्षेत्र में चारागाह भूमि पर अतिक्रमण नहीं बर्दाश्त



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** पंचायत समिति क्षेत्र की इंद्राण्डा ग्राम पंचायत में तहसील राजस्व प्रशासन ने चारागाह भूमि से अतिक्रमण हटवाया। यह कार्रवाई तहसीलदार गजेन्द्रसिंह राठौड़ के नेतृत्व में की गई।

राठौड़ ने बताया कि चारागाह और सवाईचक भूमि से अतिक्रमण हटाना राज्य सरकार के आदेशानुसार किया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि तहसील प्रशासन किसी दबाव में नहीं आता और राज्य सरकार के निर्देशों का पालन करना सभी कर्मचारियों का कर्तव्य है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि यदि तहसील क्षेत्र में कहीं भी चारागाह या सवाईचक भूमि पर अतिक्रमण देखा जाए तो प्रशासन को तुरंत सूचित करें। उल्लेखनीय है कि लंबे समय से कुछ प्रभावशाली लोग इन चारागाहों पर तारबंदी कर कब्जा किए हुए थे। तहसीलदार राठौड़ के नेतृत्व में राजस्व टीम ने पीला पंजा चलाकर अतिक्रमण को समाप्त किया। इस कार्रवाई में कानूनगो, पटवारी और प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे।

## टुल्ली हत्याकांड में सहयोगी अंकित उर्फ मोनू गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** शराब ठेकेदार सुनील उर्फ टुल्ली की हत्या मामले में बानसूर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सहयोगी आरोपी अंकित उर्फ मोनू को गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी सुरेंद्र मलिक ने बताया कि यह गिरफ्तारी कृष्ण पहलवान के सहयोगी को पकडऩे के लिए गठित टीम की सफलता है। मालिक ने बताया कि इस हत्याकांड में पहले भी कई आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि कुछ की तलाश अब भी जारी है। 24 जून 2025 को अलवर बाईपास पर टेलर की दुकान में टुल्ली की गोली मारकर हत्या की गई थी। हत्यारों ने लगभग 29 राउंड फायरिंग कर हत्या को अंजाम दिया था। इस मामले में पहले गिरफ्तार आरोपी हैं: अखिल सैनी, पवन सैनी उर्फ मोनू, मनीष गुर्जर उर्फ राहुल, मनोज मीणा, सुमेर मीणा, पूरण मीणा, अनील यादव, कृष्ण यादव उर्फ कृष्ण पहलवान।

मलिक ने बताया कि शेष आरोपियों की तलाश जारी है, जिनमें विकास उर्फ बिक्का, विकास यादव, संजय कालबा, हरचंद उर्फ हैरी बॉक्सर, नाहरा गुर्जर शामिल हैं।

## राजर्षि अभयसमाज के रंगमंच पर रामलीला की तैयारियाँ जोरों पर

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** राजर्षि अभयसमाज के विशाल रंगमंच पर आगामी दशहरा महोत्सव के दौरान 110वें वर्ष का श्री रामलीला प्रदर्शन विशेष दृश्य परिदृश्य और आधुनिक तकनीकी के साथ प्रस्तुत किया जाएगा। यह रंगमंच 20 सितंबर 2025 से शुरू होगा और दर्शकों को सांस्कृतिक और कलात्मक आनंद का अनुभव प्रदान करेगा।

इस वर्ष श्री राजर्षि अभयसमाज की स्थापना का 110वां वर्ष है, जो अपने आप में विश्व कीर्तिमान है। भारत के विभिन्न हिस्सों में पारसी शैली धीरे-धीरे समाप्त हो रही है, परंतु अलवर में इस समाज ने इसे जीवंत बनाए रखा है।

महानिदेशक श्री मनोज कुमार गोयल के निर्देशन में सभी कलाकार अपने-अपने अभिनय के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। वहीं, उप निदेशक परशुराम कौशिक और मंच निर्देशक अंकित शर्मा की देखरेख में मंच को सजाने-संवारने के लिए कारीगर पूरी तत्परता से कार्यरत हैं। रामलीला के सभी दृश्य और तकनीकी तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं।

# व्यक्तित्व के निर्माण के लिए संस्कारयुक्त शिक्षा की महती आवश्यकता- शिक्षा मंत्री

बढ़ता राजस्थान




**अलवर (का.स.)।** शिक्षा एवं पंचायती राज विभाग मंत्री मदन दिलावर शनिवार को जिले के दौरे पर रहे, उन्होंने वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री संजय शर्मा के साथ ट्रांसपोर्ट नगर स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय आर्य नगर में समग्र शिक्षा द्वारा पीएबी योजनान्तर्गत 47 लाख रुपए की राशि से नव निर्मित पुस्तकालय, कंप्यूटर व प्रयोगशाला कक्षों का लोकार्पण एवं पूर्ण विधि विधान से मां सरस्वती मूर्ति का अनावरण किया एवं शिक्षा मंत्री ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बहादुरपुर में डिजिटल कक्षा-कक्ष एवं मॉडल बाल पुस्तकालय का उद्घाटन कर प्रतिभा स मान समारोह में शिरकत की।

कार्यक्रम में संबोधन देते हुए शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि डिजिटल कक्षा के माध्यम से विद्यार्थी स्मार्ट बोर्ड, प्रोजेक्टर, ई-कंटेंट और ऑनलाइन लर्निंग से जुड़ सकेंगे। आधुनिक संसाधनों से पढ़ाई में रोचकता बढ़ेगी एवं भविष्य की चुनौतियों के लिए विद्यार्थी तैयार हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि मु यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन एवं हमारी सरकार की शिक्षा के उन्नयन की प्रतिबद्घता के परिणामस्वरूप देश भर में शिक्षा के क्षेत्र में राजस्थान का जहां दो वर्ष पूर्व 11वें स्थान पर था वह अब तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि अब सरकारी विद्यालय निजी विद्यालयों की अपेक्षा बोर्ड परीक्षाओं में उत्तम परिणाम दे रहे हैं तथा सरकारी विद्यालयों में निरंतर पढ़ाई के स्तर में सुधार हो रहा है।उन्होंने कहा कि अगामी शैक्षिक सत्र से बहादुरपुर विद्यालय में विज्ञान संकाय का संचालन होगा एवं पीने के पानी की आपूर्ति के लिए परिसर में ट्यूबवेल लगाई जायेगी तथा महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय आर्य नगर में भी आगामी सत्र में विज्ञान संकाय शुरू कराये जाने की घोषणा की।

कार्यक्रम में बच्चों के साथ शिक्षा मंत्री श्री मदन दिलावर एवं उपस्थितजन ने सूर्य नमस्कार किया तथा विद्यालय प्रांगण में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा बनाई गई कलाकृति डिजाइन व हस्त निर्मित प्रोडक्ट को देखकर उनकी सराहना की। इस दौरान उन्होंने प्रतिभावान छात्र-छात्राओं व उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकगणों को स मानित भी किया गया।

आर्य नगर स्थित महात्मा गांधी विद्यालय में संबोधन देते हुए शिक्षा एवं पंचायत राज मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि शिक्षा में संस्कारों का समावेश आवश्यक है, संस्कारयुक्त शिक्षा के माध्यम से ही उच्च व्यक्तित्व का निर्माण होता है। उन्होंने वन राज्य मंत्री संजय शर्मा की मांग पर विद्यालय में विज्ञान संकाय प्रारंभ करने की घोषणा की।

कार्यक्रम में वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने संबोधन देते हुए कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप शिक्षा मंत्री मदन दिलावर प्रदेश में शिक्षा के विकास के लिए संकल्पबद्घ है। उन्होंने बताया कि अलवर शहर विधानसभा क्षेत्र में विद्यालयों में कक्षा-कक्ष निर्माण एवं भवन सुदृढ़ीकरण के लिए वर्ष 2023-24 व 2024-25 में लगभग तीन करोड़ रुपए से अधिक की राशि का आवंटन कर कार्य कराए हैं।

## हिन्दी दिवस पर काव्यपाठ व आशुभाषण प्रतियोगिता में काजल व लक्ष्मी रही प्रथम



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर) राजकुमार गुप्ता।** हिन्दी दिवस के अवसर पर शनिवार को राजकीय महाविद्यालय के हिन्दी विभाग के तत्वावधान में एक विशेष समारोह आयोजित किया गया। प्राचार्य प्रो. के एल मीना की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राजगढ़ के प्रख्यात एडवोकेट एवं शिक्षाविद् सुरेन्द्र कुमार माथुर किट्टू रहे। माथुर ने हिन्दी भाषा के व्यापक महत्व और उसके प्रचार-प्रसार पर प्रकाश डालते हुए काव्यपाठ के माध्यम से हिन्दी की महत्ता पर जोर दिया। समारोह में प्रो. के एल मीना ने हिन्दी की सांस्कृतिक पहचान और संवैधानिक स्थिति को रेखांकित करते हुए अधिकाधिक हिन्दी प्रयोग की अपील की। हिन्दी विभाग के अध्यक्ष प्रो. देशराज वर्मा ने आगंतुक अतिथियों का स्वागत करते हुए विभागीय प्रतिवेदन और आगामी योजनाओं की जानकारी साझा की। इस अवसर पर प्रो. पी. एम. मीना ने हिन्दी और अंग्रेजी भाषा की परस्पर आवश्यकता एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला। साथ ही, हार्टफुलनेस एज्यूकेशन ट्रस्ट की पिछली कार्यशालाओं के सहभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। समारोह के दौरान काव्यपाठ, आशुभाषण, निबंध लेखन और भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

## विश्व शांति महायज्ञ हेतु सकल दिगंबर जैन समाज की बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान




**अलवर (का.स.)।** उपाध्याय विज्ञानंद जी मुनिराज के सानिध्य में दिनांक 22 से 28 सितंबर तक आयोजित होने जा रहे 25 समवशरण कल्पद्रुम महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ के कार्यक्रम की व्यवस्थाओं के लिए आज संत भवन, बीच मोहल्ला में सकल दिगंबर जैन समाज की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सात दिवसीय कार्यक्रम की जिम्मेदारियों के बंटवारे और व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई।

मुख्य संयोजक पवन जैन (चौधरी) ने बताया कि इस सात दिवसीय महायज्ञ में विश्व शांति हेतु प्रातःकालीन सत्र में मुनिराज के सानिध्य में प्रतिदिन लगभग पाँच घंटे तक मंत्रों द्वारा विधि विधान और पूजा-अर्चना की जाएगी। सायंकालीन कार्यक्रमों में नृत्य, नाटिका, भजन संध्या और कवि सम्मेलन जैसे सांस्कृतिक आयोजन शामिल होंगे। उन्होंने यह भी बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन 22 सितंबर प्रातः 7:30 बजे होगा। इस अवसर पर श्री चंद्र प्रभु दिगंबर जैन पंचायती मंदिर, मुंशी बाजार से स्वर्ण रथ में श्रीजी को विराजमान कर पूरे भव्य जुलूस के साथ जैन वाटिका नसीया जी तक लाया जाएगा।

## मंत्री जी के कार्यक्रम से पहले स्कूल से सुरक्षित रेस्क्यू हुआ जहरीला सांप

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** शनिवार को महात्मा गांधी स्कूल, तुलेरा रोड में एक जहरीले काले सांप के देखे जाने की सूचना मिली। वाइल्डलाइफ रिसर्च एंड रेस्क्यू सेंटर की टीम के अध्यक्ष विवेक जसाईवाल ने बताया कि टीम के सदस्य कपिल सैनी ने तुरंत मौके पर पहुंचकर सांप को सुरक्षित रेस्क्यू किया।

जानकारी के अनुसार, यह एक बेहद खतरनाक और जहरीला करैत सर्प था। उसी दिन स्कूल में वन मंत्री संजय शर्मा और शिक्षा मंत्री मदन दिलावर द्वारा स्कूल के कुछ कमरों का उद्घाटन कार्यक्रम होना था। कार्यक्रम से ठीक पहले पार्षद हेतराम यादव ने डब्लूआरआरसी टीम को सूचित किया कि स्कूल में मंत्रियों के आने वाला कार्यक्रम है और परिसर में सांप देखा गया है।

इस सूचना के बाद कपिल सैनी ने पूरी सावधानी बरतते हुए सांप को स्कूल परिसर से सुरक्षित बाहर निकाला, जिससे अधिकारियों और विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकी।



## निर्भयराम बाबा की छतरी पर सत्संग और भंडारे का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** कस्बे के गंगाबाग स्थित दादूपंथ पीठाधीश्वर आचार्य निर्भयराम महाराज जी की छतरी पर शनिवार को रात्रि सत्संग का आयोजन हुआ। इस अवसर पर बाबा के भजनों का संगीतमय गुणगान स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिससे वातावरण भक्तिमय और आनंदमय बन गया।

भक्तों ने दूर-दूर से आकर सत्संग में भाग लिया और बाबा के गुणगान में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए राजेश जोशी ने बताया कि प्रतिवर्ष बाबा की पुण्यतिथि पर इस प्रकार का आयोजन किया जाता है।

कार्यक्रम के अगले चरण में, रविवार को प्रातः 10:30 बजे बाबा की छतरी पर भोग लगाया जाएगा और प्रसादी का वितरण किया जाएगा। भक्तजन भंडारे में भाग लेकर बाबा की महाआरती में शामिल होंगे और प्रसाद ग्रहण करेंगे।

## विद्यालयों में बहती शिक्षा और संस्कार की धारा गायत्री परिवार का कन्या किशोर कौशल शिविर

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** शनिवार को प्रातः 7.30 बजे श्री हरदेव दास आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय, नेहरू नगर में गायत्री परिवार ट्रस्ट करौली कुण्ड अलवर की टीम द्वारा कन्या किशोर कौशल शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में किशोरों और कन्याओं को जीवन में सही मार्गदर्शन, अच्छे संस्कार और कौशल विकसित करने के महत्व पर ध्यान केंद्रित किया गया।

शिविर की शुरुआत में प्रगति पाराशर ने छात्रों को मोबाइल के अत्यधिक उपयोग के दुष्प्रभाव और फूहड़ गानों व अश्लील सामग्री से दूर रहने की आवश्यकता के बारे में बताया। इसके बाद डॉ. वैशाली गुप्ता ने कहा कि 13 से 16 वर्ष की आयु एक संवेदनशील मोड़ है, जिसमें सही मार्गदर्शन न मिलने पर किशोर भ्रम और गलत संगत में फंस सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस अवस्था में परिवार का सहयोग और सही दिशा निर्देशन बेहद जरूरी है।

कार्यक्रम के समापन में मुख्य ट्रस्टी श्रीमती डॉ. सरोज गुप्ता ने कहा कि अच्छे संस्कार अपनाने से शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ जीवन पाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि अच्छी आदतें ही अच्छे संस्कारों का बीजारोपण करती हैं और यही सभ्यता और संस्कृति का निर्माण करती हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इन संस्कारों से हमारा देश भविष्य में विश्व गुरु बनकर रहेगा।

## 69वीं जिला स्तरीय सॉफ्टबॉल व कुश्ती प्रतियोगिता का समापन

बढ़ता राजस्थान




**राजगढ़ (अलवर) राजकुमार गुप्ता।** राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय नं. 2, राजगढ़ में शनिवार को 69वीं जिला स्तरीय 14 वर्षीय छात्र/छात्रा सॉफ्टबॉल व कुश्ती प्रतियोगिता का भव्य समापन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडवोकेट मनोहर लाल यादव थे, जबकि अध्यक्षता राम भरोसी मीना ने की। समारोह में राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित प्रहलाद राय सैनी, राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित नंदलाल बैरवा, मुरारीलाल शास्त्री, पूर्व पार्षद उमेश मण्डावरा, नरेंद्र सैनी, दीपक विजय और राधेश्याम सैनी सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

समारोह की शुरुआत अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। विद्यालय स्टाफ ने अतिथियों का माला, साफा और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। प्रतियोगिता संयोजक प्रधानाध्यापक नरेश सैनी ने चार दिवसीय प्रतियोगिता का संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। विशिष्ट अतिथि मुरारीलाल शास्त्री ने अभिभावकों से बच्चों को संस्कारवान बनाने और भारतीय संस्कृति के महत्व के प्रति जागरूक करने का आग्रह किया। इस अवसर पर विद्यालय की बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं।

सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में छात्र वर्ग में राउप्रावि पथरोडिया का बास प्रथम, भूगोर पब्लिक स्कूल सी.सै.स्कूल द्वितीय और विद्या बाल भारती पिनान तृतीय स्थान पर रहे। छात्रा वर्ग में राउप्रावि पथरोडिया का बास ने प्रथम, राउप्रावि नांगल सोहन द्वितीय और पीएमश्री राउमावि राजगढ़ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कुश्ती प्रतियोगिता में छात्र वर्ग में 35 किग्रा में असान प्रथम, चेतराम द्वितीय और संजय व श्यामसुंदर तृतीय स्थान प्राप्त किए। 38 किग्रा में दक्ष प्रथम, नसीम द्वितीय और अंशु व आकाश तृतीय रहे। 41 किग्रा में देवराज प्रथम, गणेश द्वितीय और रिजवान व मनीष तृतीय स्थान पर रहे। 44 किग्रा में हर्ष प्रथम, यश द्वितीय और हिमांशु मीना व दीपेश तृतीय स्थान प्राप्त किए। 48 किग्रा में राज आर्यन प्रथम, विवेक द्वितीय और रोहित कुमार तृतीय स्थान पर रहे। 52 किग्रा में जावेद खान प्रथम, हार्दिक द्वितीय और महावीर सैनी व रवि कुमार तृतीय स्थान प्राप्त किए। 57 किग्रा में हमजा प्रथम और नसीम द्वितीय रहे। 62 किग्रा में विष्णु बंजारा प्रथम, हिमांशु कुम्हार द्वितीय और रोहित हरिजन तृतीय स्थान पर रहे। 75 किग्रा में रणविजय सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

छात्रा वर्ग में 30 किग्रा में नचिता प्रथम, शिवानी द्वितीय और नेहा व पिंकी तृतीय स्थान पर रहीं। 33 किग्रा में पलक प्रथम, ज्योति द्वितीय और प्रतिज्ञा व लविना तृतीय स्थान प्राप्त किए। 36 किग्रा में रिषिका प्रथम, सुशीला द्वितीय और संजना व प्रिया तृतीय स्थान पर रहीं।

# चौमहला सीएचसी में सालों से ठप पड़ी सोनोग्राफी सेवा, ग्रामीणों को निजी जांच केंद्रों का सहारा

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला(आबिद हुसैन)।** झालावाड़ जिले के चौमहला क्षेत्र के लगभग 100 गांवों के करीब सवा लाख ग्रामीणों को चिकित्सा सुविधा प्रदान करने वाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) गंभीर संसाधन संकट से जूझ रहा है। सालों से सीएचसी में सोनोग्राफी मशीन खराब पड़ी है, और इस सेवा की अनुपलब्धता के कारण गर्भवती महिलाओं सहित अनेक मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।सरकारी अस्पताल में जहां मात्र 200 रुपये में सोनोग्राफी जांच होती है, वहीं मजबूरी में लोग निजी केंद्रों की ओर रुख कर रहे हैं, जहां मनमाने दाम वसूले जाते हैं। इससे गरीब और ग्रामीण तबके पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है।स्वास्थ्य केंद्र में कनिष्ठ विशेषज्ञ सर्जरी, मेडिसिन और सोनोग्राफी चिकित्सक के पद भी लंबे समय से रिक्त पड़े हैं, जिससे चिकित्सा सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुई हैं।






चौमहला अस्पताल में काफी समय से सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध नहीं है। इसके कारण आमजन, विशेषकर गर्भवती महिलाओं और गंभीर रोगियों को अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। सोनोग्राफी के लिए निजी सेंटर व अन्य शहरों में जाना पड़ता है। जिससे समय, पैसा और स्वास्थ्य - तीनों पर नकारात्मक असर पड़ता है।मैं प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से निवेदन करती हूँ कि जल्द से जल्द चौमहला में सोनोग्राफी सेंटर की सुविधा उपलब्ध करवाई जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

**- दिव्या जैन ,अध्यक्ष,महिला समृद्धि ग्रुप**

## इनका कहना




सरकारी अस्पताल में सोनोग्राफ़ी सेंटर न होने के कारण मरीजों को दूर-दराज़ के क्षेत्रों में जाकर निजी अस्पतालों में सोनोग्राफ़ी करानी पड़ती है, जिससे समय और धन की भारी हानि होती है। गरीब एवं जरूरतमंद वर्ग के लोग, जिनके पास इलाज के लिए पर्याप्त पैसे नहीं होते, आवश्यक जांच भी नहीं करवा पाते। इससे स्वास्थ्य सेवाओं की समान पहुंच बाधित हो रही है। अत: सरकारी अस्पताल में सोनोग्राफ़ी सेंटर शीघ्र स्थापित करने की व्यवस्था की जाए, ताकि सभी वर्ग के लोग सस्ते व सुविधाजनक उपचार से लाभान्वित हो सके।

**-सुनिता मीणा**
**जिला अध्यक्ष ,संयुक्त मानवाधिकार एव भ्रष्टाचार विरोधी सामाजिक न्याय**

महिलाओं को चिकित्सा में बहुत दुविधा आती है यहाँ पर सोनोग्राफी काफी समय से बंद है जिससे महिलाओं को बाहर जाना पड़ता है जो बहुत असुविधा जनक होता है पूर्व में प्रयास ग्रुप द्वारा भी इसे शुरू करवाने की मांग की गई जो अब तक नही हुई इसे जल्द से जल्द शुरू करवाया जाए

**- गुणमाला पिछोलिया**
**महिला प्रयास ग्रुप संचालक**



चौमहला सीएचसी में सोनोग्राफी मशीन खराब है। जिसको लेकर उच्च अधिकारियों को इस समस्या से अवगत करवा दिया गया है। जैसे ही सोनोग्राफी चिकित्सक की उपलब्धता होगी, सेवा को फिर से शुरू कर दिया जाएगा

**- विकास जैन, ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डग**

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 1.82 लाख से अधिक मामले निपटाए, 11.70 करोड़ का अवार्ड पारित




**बढ़ता राजस्थान बूंदी ( अनन्त दाधीच )** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बूंदी के तत्वावधान में आज, शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी समझाइश के माध्यम से 1,82,402 मामलों का निस्तारण किया गया। इस दौरान पक्षकारों के बीच समझौता करवाकर कुल 11,70,99,010 की अवार्ड राशि पारित की गई, जिससे आमजन को त्वरित और सुलभ न्याय मिला। राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश अजय शुक्ला ने माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लोक अदालतें विवादों के निपटारे का एक प्रभावी माध्यम हैं, जिससे समय और धन दोनों की बचत होती है। कार्यक्रम में प्राधिकरण की सचिव सरिता मीणा, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा, सचिव संजय कुमार जैन सहित जिले के सभी न्यायिक अधिकारी और अधिवक्तागण उपस्थित रहे। लोक अदालत के लिए जिले भर में कुल 12 बेंचों का गठन किया गया था। इनमें न्यायालयों में लंबित और प्री-लिटिगेशन के कुल 2,07,732 मामले रेफर किए गए थे। विशेष रूप से, मोटर दुर्घटना दावा (एम.ए.सी.टी.) के 145 में से 56 मामलों का निस्तारण करते हुए ?2,39,96,000 और परक्राम्य लिखत अधिनियम (एन.आई. एक्ट) के 663 में से 128 मामलों का निस्तारण कर ?2,37,92,714 की अवार्ड राशि पारित की गई। इस आयोजन को सफल बनाने में न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्तागण, तहसीलदारों और न्यायिक कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही, और आम नागरिकों ने भी इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# शहरी सेवा शिविर अब 17 सितम्बर से

**बढ़ता राजस्थान कोटा(का.स.)।** राज्य सरकार की पहल पर प्रारंभ किए जा रहे शहरी सेवा शिविर 2025 की तिथियों में परिवर्तन किया गया है। यह शिविर अब 15 सितम्बर के स्थान पर 17 सितम्बर से प्रारंभ होंगे। शिविर की अवधि में भी बढ़ोतरी की गई है। यह शिविर 2 अक्टूबर की जगह अब 17 अक्टूबर तक चलेंगे। शहरी सेवा शिविर-2025 की तैयारियों के संबंध में मुख्य सचिव सुंधाश पंत की अध्यक्षता में शनिवार को सभी संबंधित विभागों की वीसी के माध्यम से बैठक आयोजित की गई। नगर निगम कोटा दक्षिण के आयुक्त अनुराग भार्गव और उत्तर निगम आयुक्त अशोक त्यागी ने बताया कि बैठक में तिथियों में बदलाव की जानकारी दी गई। साथ ही शिविर के माध्यम से आमजन को विभिन्न कार्यों के लिए उपलब्ध करवाई जा रही छूटों के बारे में रविवार या सोमवार तक विस्तृत गाइडलाइन जारी किए जाने के बारे में भी बताया गया। भार्गव और त्यागी ने बताया कि पूर्व में नगर निगम कोटा उत्तर व दक्षिण के शिविर 15 सितम्बर से नगर निगम के प्रशासनिक भवन में आयोजित किए जा रहे थे। परन्तु नए निर्देशों को देखते हुए अब यह शिविर 17 सितम्बर से प्रारंभ किए जाएंगे। शिविर का नया कार्यक्रम भी विस्तृत गाइडलाइन प्राप्त होने के बाद जारी किया जाएगा।

# निजी बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत लोगों ने लगाया जाम



**बढ़ता राजस्थान कोटा/सुल्तानपुर,(का.स.)।** सुल्तानपुर मे शनिवार को दर्दनाक सडक़ हादसा हुआ। इसमें बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई जिससे गुस्साये लोगों ने कोटा सुल्तानपुर मार्ग पर कुछ देर के लिए जाम भी लगा दिया। पेट्रोल पंप के पास निजी बस द्वारा बाइक सवार को मारी टक्कर मारी। बस ने रॉन्ग साइड आते आकर बाइक सवार को टक्कर मारने से लोगों में रूस व्याप्त हो गया। मृतक की पहचान बगतरी गाँव निवासी रामेश्वर पुत्र लटूरलाल सुमन के रूप मे हुई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाल व को सुल्तानपुर चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवा दिया गया है ।मोके पर परिजनों की भारी भीड़ जमा, सडक़ो पर ओवरस्पीड दौड़ रहे वाहनो पर नाराजगी जताते हुए प्रशासन के खिलाफ बिना विरोध प्रकट किया। इटावा पुलिस उपाधीक्षक शिवम जोशी ने मौके पर पहुंचकर पहुचे मोके पर, परिजनों ओर ग्रामीणों की समस्याएं , सुनते सुनकर उन्हें दूर करने का आश्वासन दिया जाम को हटाया।

# प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर मूंडरी द्वारा प्रदेश महासचिव एवं कोटा सम्भाग प्रभारी धर्मसिंह मीना ने की घोषणा

**बढ़ता राजस्थान कोटा(विनोद गौड़)।** बाल किशन मीना जय अम्बे नगर, राजपूत कॉलोनी, रंगबाड़ी, कोटा को जिला अध्यक्ष, कोटा मनोनीत किया गया है। शनिवार को मीणा छात्रावास, छत्रपुरा, कोटा स्थित स्वतंत्रता सेनानी भैरवलाल कालाबादल की अथाई पर आयोजित एक समारोह में प्रदेश महासचिव धर्मसिंह मीना गनीपुर न प्रदेशाध्यक्ष,प्रो. रामेश्वर मूंडरी द्वारा जारी नियुक्ति पत्र बाल किशन मीना को सौंपा। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष बाल किशन मीना को 15 दिवस में ब्लॉक अध्यक्ष एवं जिला कार्यकारिणी घोषित करने के निर्देश दिए गए। इस सामाजिक समारोह में हाडौती आदिवासी मीना सामाजिक सुधार संघ के संभागीय अध्यक्ष रामस्वरूप मीना, डॉ. भीमराव अम्बेडकर समिति के जिला अध्यक्ष चतुर्थन खींची, महासचिव विनय सिंघल, कोटा के उप महापौर पवन मीणा, वरिष्ठ समाजसेवी प्रताप लाल मीणा, मीनेश मंदिर अध्यक्ष भगवती प्रसाद मीणा, निवर्तमान अध्यक्ष उमेश मीणा, एवं समाज के अनेकों प्रबुद्धजन रहे। मौजूद सभी प्रबुद्धजनों द्वारा बाल किशन मीना को जिलाध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी ।

# जनसहभागिता से रामबारात को भव्य रूप दिया जाएगा: विवेक राजवंशी

### 25 - 30 लाख रुपए का होगा राम बारात का बजट

बढ़ता राजस्थान

**कोटा(विनोद गौड़)।** राष्ट्रीय मेला दशहरा-2025 के अंतर्गत 27 सितंबर को निकलने वाली राम बारात को भव्य बनाने के लिए शहर के सामाजिक और धार्मिक संगठनों की शनिवार को नगर निगम के प्रशासनिक भवन ए ब्लॉक में बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता मेला समिति अध्यक्ष विवेक राजवंशी ने की।



विवेक राजवंशी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जनसहभागिता से रामबारात को भव्य रूप दिया जाएगा। इसी के तहत पिछले वर्ष राज्य सरकार के माध्यम से राम बारात के मार्ग में परिवर्तन किया गया था। वर्ष 1989 के बाद से सभी समाजों की जनभावनाओं को ध्यान में रखकर पहली बार गीता भवन से राम बारात को प्रारंभ किया गया। इस प्रकार का निर्णय 36 साल बाद लिया गया। उन्होंने बताया कि राम बारात 27 सितम्बर को गीता भवन से 5:30 बजे प्रारंभ होकर वाल्मिकी भवन, सब्जी मंडी, भगत सिंह चौराहा, गंधी जी की पुल, केथूनी पोल चौराहा, टिपटा, किशोरपुरा दरवाजा होते हुए दशहरा मैदान पहुंचेगी। जिसमें बड़ी संख्या में राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान बने हुए बच्चे भी चलेंगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा स्पीकर श्री ओम बिरला आकांक्षा के अनुरूप राम बारात का स्वरूप भव्य बनाने का प्रयास करेंगे। जिससे शोभायात्रा में शामिल होने वाले हर भक्त को यह लगे कि प्रभु श्री राम की बारात में चल रहे हैं। इस दौरान अतिरिक्त मेला अधिकारी महेश गोयल ने बताया कि रामबारात के लिए 25 - 30 लाख रुपए तक का बजट रखा गया है। जिसमें निगम की ओर से भी तीन भव्य झांकियां होगी। उन्होंने कहा कि आमतौर पर राम बारात को देखने के लिए अपार भीड़ आती हैं, लेकिन वे बारात के साथ नहीं चलते हैं। इन्हें साथ लेने के प्रयास किया जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राम बारात में विभिन्न संस्थाओं की ओर से झांकियां, भजन मंडली, महिला मंडली आदि लेकर के आया जा सकता है।

# सीसी रोड करने के नाम पर रोड किया बंद, जनता को खाने पड़ रहे चक्कर



बढ़ता राजस्थान

**सुकेत (मंगल सिंह)।** सुकेत कस्बे में सीसी निर्माण करने वाले ठेकेदार के मनमानी आम जनता को भारी पड़ रही है। सुकेत नगर पालिका के सामने से बिजली विभाग गैस गोदाम वाले रास्ते से रामपुरिया तरफ सीसी रोड बनाया जा रहा हे।जिसमें रोड बनाने वाले ठेकेदार ने रोड बंद कर दिया जिसका सांकेतिक बोर्ड तक नहीं लगाया जिससे लोग परेशान हो रहे सुकेत 4 लाइन सर्विस रोड से उतर कर बिजली विभाग गैस गोदाम नगर पालिका आने वाले लोग फोर लाइन से सीधा इसी सडक़ पर आते हे। उनको पता तक नहीं कि आगे रोड बंद हे, कार वाले 1 द्मद्व दूर आने के बाद उनको जब पता लगा तो कार वापस लेकर जाना पड़ रहा जिससे लोग परेशान हो रहे ओर समय भी खराब हो रहा या तो रोड बनाने वाले को संकेतक बोर्ड लगाना चाहिए था जिससे लोग दूसरे रास्ते से जाते,जब इसकी सच्चाई जानने के लिए हमारे रिपोर्टर ने खुद जाकर देखा तो रोड बनाने वाले ने कोई बोर्ड नहीं लगा रखा जिससे जनता परेशान नहीं हो।

# छात्र-छात्राओं को मौसमी बीमारियों से बचाव-रोकथाम के उपाय बताए।

बढ़ता राजस्थान

**कोटा(का.स.)।** जिले में मौसमी बीमारियों की रोकथाम व नियंत्रण के लिए शनिवार को स्कूलों में नो बेग डे पर जागरूकता गतिविधियां की गई। सीएमएचओ डॉ नरेंद्र नागर ने बताया कि जिला कलेक्टर पीयूष सामरिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग के कार्मिकों ने स्कूलों में जाकर छात्र-छात्राओं व अध्यापकों को मच्छर जनित डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया व संक्रमित माइट से होने वाले स्क्रबटायफस रोगों के लक्षण, बचाव व उपचार के बारे में जानकारी दी। साथ ही मच्छर के लार्वा का प्रदर्शन कर बीमारियों की रोकथाम के उपाय बताए। जागरूकता के पोस्टर व पर्चे




वितरित किए। इस संबंध में निबंध, स्लोगन व पोस्टर प्रतियोगिताएं भी हुई। बच्चों को सप्ताह में एक दिन हर रविवार को सूखा दिवस मनाने के लिए प्रेरित किया। घरों के आसपास जमा पानी को हटाने या उसमे जला हुआ तेल डालने, पानी की टंकियों को पूरी तरह ढककर रखने, घर के कूलर, फ्रीज की ट्रे, छत पर रखे कबाड़, गमले आदि की सप्ताह में एक बार रगडक़र सफाई करने की हिदायत दी।

# बूंदी जिला 2 अक्टूबर तक बनेगा सम्पूर्ण स्वच्छ

बढ़ता राजस्थान

**बढ़ता राजस्थान बूंदी ( अनन्त दाधीच )** जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रवि वर्मा ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को 2 अक्टूबर तक बूंदी जिले के प्रत्येक गांव को सम्पूर्ण स्वच्छ बनाने का लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कोटा और बारां के साथ बूंदी जिले को भी सम्पूर्ण स्वच्छ बनाने के लिए मिशन मोड पर कार्य किया जा रहा है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीईओ ने जिले की सभी ग्राम पंचायतों के ग्राम विकास अधिकारियों के साथ हुई बैठक में



तरल और ठोस कचरा प्रबंधन की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि ग्रे-वाटर प्रबंधन के लिए सामुदायिक सोक पिट, मैजिक पिट व अन्य संरचनाओं का निर्माण लक्ष्य के अनुसार पूरा किया जाए। साथ ही, प्रत्येक ग्राम पंचायत में ठोस कचरे के निस्तारण के लिए 2 अक्टूबर तक कचरा संग्रहण केंद्र का निर्माण और वाहन की खरीद सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि गांवों में प्रतिदिन नियमित रूप से साफ-सफाई होनी चाहिए। सीईओ ने बैठक से अनुपस्थित रहे ग्राम विकास अधिकारियों को नोटिस जारी करने के भी निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न पंचायत समितियों के विकास अधिकारी, सहायक अभियंता और स्वच्छ भारत मिशन से जुड़े अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। बैठक का संचालन जिला परियोजना समन्वयक निजामुद्दीन ने किया।

**सेवा पखवाड़ा और विकास योजनाओं पर दिया जोर**

# ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कार्यकर्ताओं से किया संवाद

बढ़ता राजस्थान

**कोटा/ सांगोद/ देवली, (विनोद गौड़)।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने शनिवार को झालावाड़ रोड स्थित होटल में सांगोद नगर और देवली भाजपा मण्डल के कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया। इस दौरान ऊर्जा मंत्री नागर ने सेवा पखवाड़ा, स्वच्छता कार्यक्रम, रक्तदान शिविर, आत्मनिर्भर भारत अभियान, मैराथन दौड़ समेत आगामी दिनों में होने वाले विविध कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से चर्चा की। ऊर्जा मंत्री ने कार्यकर्ताओं से शिविरों के माध्यम से सरकारी योजना का लाभ जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया।




उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का अंतिम लक्ष्य केवल सत्ता प्राप्त करना नहीं है। भाजपा विचार परिवार राष्ट्र को परम वैभव पर ले जाने के लक्ष्य को लेकर काम करता है। स्वच्छता अभियान के तहत केवल फोटो ना खिंचाकर इसे धरातल पर उतारना होगा।

इससे पहले जिला अध्यक्ष प्रेम गोचर ने कहा कि आज अतिवृष्टि और प्राकृतिक आपदा को लेकर कांग्रेस नौटंकी कर रही है। जब कांग्रेस सरकार में बाढ़ आई थी तो कांग्रेस नेता घरों में सो रहे थे। उस समय भाजपा कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि जनता के बीच काम कर रहे थे। अभी भी जब अतिवृष्टि और आपदा आई तो लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से लेकर प्रभारी मंत्री और जिले के दोनों मंत्री समेत सभी जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता जनता के बीच राहत और सेवा में जुटे हुए थे। जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल ने कहा कि सत्ता के कारण कभी-कभी निष्क्रियता का भाव आ जाता है। हम सत्ता में रहकर सक्रिय रहना सीख लेंगे तो सरकार को रिपीट करा सकेंगे।

### परस्पर भागीदारी से होगी खेतों की राह आसान

नागर ने कहा कि मैंने गांव के रास्ते को लेकर संकल्प किया है। इसकी सिद्धि में कार्यकर्ता सहयोगी बनें। सरकार, जनता और कार्यकर्ता की भागीदारी से खेतों तक जाने की राह सुगम बना सकती है।

### एक साल में हुए 14 जीएसएस स्वीकृत

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि कांग्रेस 5 साल में सांगोद विधानसभा क्षेत्र में एक भी जीएसएस नहीं बनवा सकी। जबकि भाजपा के 1 साल के कार्यकाल में ही बिजली तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए गंभीर प्रयास हुए हैं। अभी तक 14 जीएसएस के लिए जमीन आवंटित होकर टेंडर लग चुके हैं।

बैठक में भाजपा देहात जिला अध्यक्ष प्रेम गोचर, जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल, प्रधान जयवीर सिंह अमृतकुआं, उपप्रधान ओम नागर अडूसा, मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश सोनी, विजयशंकर सैनी मौजूद रहे।

# गर्भवती व धात्री महिलाओं को दी गई पोषण एवं स्वास्थ्य जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**सरमथुरा (राजू शर्मा)।** ब्लॉक क्षेत्र के नंद घर आंगनवाड़ी केंद्र आगई-2, खेरारा, खरगापुर व खिनोट में पोषण माह के अंतर्गत गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग, वेदांता ग्रुप और छ्वस्द्ध क्र&ञ्ज इंडिया फाउंडेशन द्वारा संचालित बालवर्धन प्रोजेक्ट के तहत किया गया।

इस अवसर पर ब्लॉक कोऑर्डिनेटर महेंद्र सिंह भाटी ने गर्भवती व धात्री महिलाओं को स्वास्थ्य एवं पोषण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। उन्होंने बताया कि गर्भावस्था के दौरान आयरन, कैल्शियम, फोलिक एसिड जैसे आवश्यक पोषक तत्वों का संतुलित सेवन अत्यंत जरूरी है। उन्होंने स्थानीय स्तर पर उपलब्ध पौष्टिक खाद्य पदार्थों को आहार में शामिल करने पर जोर दिया।

भाटी ने गर्भवस्था में नियमित स्वास्थ्य जांच, पर्याप्त आराम और स्वच्छता के महत्व पर भी प्रकाश डाला। धात्री माताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि माँ का स्वास्थ्य शिशु के विकास की नींव होता है और जन्म से छह माह तक केवल माँ का दूध ही शिशु के लिए सर्वोत्तम आहार है। छह माह के बाद ऊपरी आहार शुरू करने की जानकारी भी दी गई।

आंगनवाड़ी केंद्रों से मिलने वाले टीएचआर (टेक होम राशन) से बने विशेष व्यंजन तैयार कर लाभार्थियों को परोसे गए। इस कार्यक्रम में फील्ड कोऑर्डिनेटर तरन्नुम, कृष्णा, किरण, लक्ष्मी तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रेखा मीणा, सीमा, पिंकी, रामकुमारी मीणा और अंजू गुप्ता (प्रधानाचार्य, खरगापुर सरकारी विद्यालय) सहित कई महिलाएं उपस्थित रहीं।



# कुंवारिया पशुमेला 2025 रद्द, केवल सांस्कृतिक आयोजन होंगे

**बढ़ता राजस्थान राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** कुंवारिया कस्बे में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला पारंपरिक कुंवारिया पशुमेला 2025 इस वर्ष नहीं होगा। जिले में लंपी रोग की पुष्टि होने तथा इसके बढ़ते खतरे को देखते हुए पशुपालन विभाग ने राज्य सरकार की गाइडलाइन के अनुसार पशुमेलों पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। इस कारण आगामी 22 से 26 सितम्बर तक प्रस्तावित विशाल पशुमेला रद्द कर दिया गया है। इसके स्थान पर इस अवधि में केवल सांस्कृतिक मेला आयोजित किया जाएगा। गाइडलाइन के अनुसार मेले में किसी भी प्रकार के पशुओं का प्रवेश पूर्ण रूप से निषिद्ध रहेगा। यह आदेश पंचायत समिति राजसमंद के विकास अधिकारी महेश गर्ग द्वारा जारी किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष नवरात्रि स्थापना के साथ कुंवारिया में विशाल पशुमेला आयोजित किया जाता है, जिसमें मेवाड़ व मारवाड़ सहित प्रदेशभर से पशुपालक बड़ी संख्या में भाग लेते हैं।

# राजस्थान की खिलाड़ी होंगी हांगकांग में होने वाली सीनियर एशिया रगबी प्रतियोगिता में शामिल



**बढ़ता राजस्थान राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** जिले की प्रतिभाशाली रगबी खिलाड़ी भूमिका शुक्ला का चयन भारतीय सीनियर रगबी टीम में हुआ है। वह आगामी सीनियर एशिया रगबी प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी, जो हांगकांग में आयोजित होने जा रही है। राजस्थान रगबी फुटबॉल संघ के अध्यक्ष सुरेश मिश्रा, सचिव कुलदीप सिंह राजावत तथा राजसमंद जिला सचिव नितिन तिवारी ने बताया कि भूमिका ने हाल ही में बिहार में आयोजित अंडर-20 एशिया रगबी प्रतियोगिता में भारतीय टीम की कप्तानी करते हुए टीम को कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उन्हें सीनियर भारतीय टीम में शामिल किया गया है। संघ के उपाध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा और गोविन्द पारीख ने बताया कि भूमिका भारतीय रगबी संघ द्वारा आयोजित संभावित खिलाडिय़ों के विशेष प्रशिक्षण शिविर में लगातार अभ्यास कर रही थीं, जहां उनके प्रदर्शन को देखते हुए उनका चयन हुआ।

# कृषि महाविद्यालय भुसावर परिवार ने लिया ऑनलाइन हिस्सा



**बढ़ता राजस्थान भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर का 13वां स्थापना दिवस शनिवार, 13 सितम्बर 2025 को राजस्थान किसान आयोग के अध्यक्ष सी. आर. चौधरी के मुख्य आतिथ्य एवं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलराज सिंह की अध्यक्षता में उत्साहपूर्वक मनाया गया। मुख्य अतिथि सी. आर. चौधरी ने कहा कि कृषि उत्पादन बढ़ाने में कृषि विश्वविद्यालयों की महत्वपूर्ण भूमिका है। हमें वर्ष 2047 तक भारतीय कृषि को उच्च तकनीकयुक्त एवं निर्यातोन्मुखी बनाना होगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलराज सिंह ने बताया कि जोबनेर कृषि विश्वविद्यालय ने शिक्षा, अनुसंधान एवं कृषि प्रसार के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय भुसावर के स्टाफ व विद्यार्थियों ने ऑनलाइन भाग लिया। महाविद्यालय के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने महाविद्यालय की प्रगति पर प्रकाश डालते हुए बताया कि महाविद्यालय की स्थापना वर्ष 2021 में हुई थी। अब तक कृषि स्नातक का एक बैच पास आउट हो चुका है, जिसमें कुल 37 विद्यार्थियों में से 3 विद्यार्थियों का चयन केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा 2025 में, 1 विद्यार्थी का छ्वक्रस्न में तथा 8 विद्यार्थियों का देश के विभिन्न कृषि विश्वविद्यालयों में स्नात्तकोत्तर कक्षाओं में हुआ है।

# देशभर के पत्रकारों ने लिया संकल्प, आवाज़ को और बुलंद करेंगे

**बढ़ता राजस्थान अजमेर (घनश्याम दास)।** इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन का समापन राजस्थान सरकार के मंत्री के. के. बिश्नोई के मुख्य आतिथ्य में भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस अधिवेशन में देशभर के 15 राज्यों से 600 से अधिक पत्रकारों ने भाग लिया, जिससे कार्यक्रम में ऊर्जा और विविधता का संचार हुआ। अधिवेशन में जोधपुर इकाई की नवगठित कार्यकारिणी को जिलाध्यक्ष प्रदीप जोशी के नेतृत्व में शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण का कार्य महंत प्रताप पुरी ने किया। साथ ही पत्रकारों के हितों को ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए संकल्प पत्र का भी विधिवत लोकार्पण किया गया। अधिवेशन के दौरान संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के चुनाव कराने का निर्णय लिया गया और संतोष कुमार चतुर्वेदी को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया। इस दो दिवसीय आयोजन में पत्रकारिता के बदलते स्वरूप, चुनौतियों और संगठन की भूमिका पर गंभीर मंथन किया गया।

# अजमेर के तोपदड़ा स्कूल में आयोजित समारोह में मिला सम्मान



**बढ़ता राजस्थान अजमेर(घनश्याम दास)।** अजमेर के तोपदड़ा स्कूल में संस्कृत के शिक्षक, समर्पित भाषाविद, साहित्यकार तथा सामाजिक सरोकारों की प्रतिमूर्ति श्रद्धेय हर्ष जोशी शास्त्री जी की 100वीं जन्म जयंती पर आयोजित गोष्ठी एवं मनीषी सम्मान 2025 सम्मान समारोह में दैनिक निरन्तर के सम्पादक, प्रसिद्ध कहानीकार एवं गीतकार रामप्रसाद कुमावत को मनीषी सम्मान 2025"प्रदान किया गया। ज्ञातव्य है कि श्री कुमावत वरिष्ठ पत्रकार होने के साथ ही समसामयिक विषयों के प्रखर कहानीकार तथा प्रीत और मीत के गीतकार भी हैं। उनकी कहानियाँ व गीत अनेक राष्ट्रीय समाचार पत्रों में प्रकाशित हो चुके हैं।

## विभागीय योजनाओं की पहुंच आमजन तक हो सुलभ

# विरौंधा में आयोजित रात्रि चौपाल में जिला कलक्टर ने सुने आमजन के परिवाद

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर (राजू शर्मा)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों तक आमजन को योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य अनुरूप जिले में आयोजित की जा रही जिला कलक्टर की रात्रि चौपालों में परिवेदनाओं का समाधान कर पात्र जनों को योजनाओं का लाभ भी उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को ग्राम पंचायत बिरौंधा में जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी की अध्यक्षता में रात्रि चौपाल आयोजित हुई।

जिला कलक्टर ने आत्मीयता पूर्वक एक-एक कर आमजन की परिवेदनाएं सुनीं और संबंधित विभागीय अधिकारियों से तथ्यात्मक जानकारी लेकर नियमानुसार त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

राशनकार्ड संबंधी परिवाद पर उन्होंने कहा कि डीलर अथवा ई-मित्र के माध्यम से केवाईसी करवाने के उपरांत बंद राशनकार्ड पुनः चालू कर दिए जाएंगे। एक दिव्यांग व्यक्ति का राशनकार्ड डिलीट होने की शिकायत पर उन्होंने मौके पर ही जिला रसद अधिकारी को निस्तारण के निर्देश दिए। इसी प्रकार ग्राम जाटोली निवासी पिंचू की राशन कार्ड संबंधी शिकायत का भी मौके पर निस्तारण कराया गया।

प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित परिवाद पर उन्होंने बताया कि फिलहाल पोर्टल बंद है, पोर्टल चालू होने पर पुनः आवेदन करें। ग्राम नवले का पूरा एवं गोधनपुरा में श्मशान घाट की बाउंड्री वॉल निर्माण हेतु दिए परिवाद पर उन्होंने ग्राम विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि ग्राम विकास योजनाओं के तहत इसका कार्य सुनिश्चित करें।

प्रधानाध्यापक द्वारा अधिक वर्षा से जर्जर हुए उच्च माध्यमिक विद्यालय कक्षों की मरम्मत कराने का परिवाद प्रस्तुत किया गया, जिस पर जिला कलक्टर ने बताया कि ऐसे जर्जर विद्यालयों के प्रस्ताव एसडीआरएफ को भेजे गए हैं, राशि प्राप्त होने पर मरम्मत कराई जाएगी। जिला कलक्टर ने आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि सभी पात्रजन संबंधित विभागीय अधिकारियों से योजनाओं की जानकारी लेकर अधिक से अधिक लाभ उठाएं एवं अन्य को भी लाभ लेने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में अतिवृष्टि से प्रभावित फसलों का ई-गिरदावरी कर शीघ्र ही मुआवजा दिलाया जाएगा। उन्होंने आमजन से अपील की कि बरसात समाप्त होने के साथ मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढ़ रहा है, अतः समय पर चिकित्सक की सलाह लेकर सावधानी बरतें।

उन्होंने बताया कि 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले 'ग्रामीण सेवा शिविर' के प्रथम सप्ताह में प्रत्येक पंचायत समिति की दो-दो पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिनमें अधिक से अधिक भाग लेकर लाभ उठाएं। रात्रि चौपाल के दौरान उपखंड अधिकारी साधना शर्मा, तहसीलदार, विकास अधिकारी एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# श्रीनाथजी प्रभु की दानलीला व सांझी सेवा अवसर पर महादान भोग अर्पित



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** पुष्टिमार्गीय प्रधान पीठ नाथद्वारा स्थित श्रीनाथजी मंदिर के तिलकायत गो.ति.108 राकेश जी (इंद्रदमन जी) महाराज श्री के सुपुत्र युवाचार्य गो.चि.105 विशाल जी (भूपेश कुमार जी) बावा शनिवार को श्रीनाथजी प्रभु की दानलीला एवं सांझी सेवा के अवसर पर नाथद्वारा पधारे।

उनके आगमन पर नाथद्वारा के प्रबुद्ध जनों, मंदिर सेवकों, बृजवासी संघ व गाइड संघ ने गोविंद चौक और मोती महल चौक पर उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर श्री विशाल बावा ने श्रीजी प्रभु को महादान का भोग अर्पित कर चोफुली चुंदड़ी का मलकाछ एवं टिपारे का श्रृंगार धरा। इसके पश्चात प्रभु एवं लाडले लाल प्रभु के राजभोग दर्शन कर प्रभु की आरती उतारी। श्री विशाल बावा के आगमन पर मंदिर अधिकारी सुधाकर उपाध्याय, सहायक अधिकारी अनिल सनाढ्य, तिलकायत श्री के मुख्य सलाहकार अंजन शाह, मंदिर मंडल के हरि सिंह राजपुरोहित, सचिव लीलाधर पुरोहित, नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष श्यामलाल गुर्जर, ऋषभ गुर्जर, उमंग मेहता, हर्ष सनाढ्य, पुष्टि प्रचार सहायक अधिकारी महर्षि व्यास, गाइड संघ अध्यक्ष अर्जुन गुर्जर, नरेश गुर्जर, विठ्ठल सनाढ्य, दिलीप गुर्जर, कैलाश पालीवाल सहित सैकड़ों वैष्णवजन उपस्थित रहे।

# नगर पालिका भुसावर के अधिशासी अधिकारी ने बनाई वार्डवार कार्ययोजना

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** राज्य सरकार द्वारा सोमवार 15 सितम्बर 2025 से प्रस्तावित शहरी सेवा शिविर-2025 का आयोजन प्रारंभ किया जाएगा। सरकार एवं विभाग द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार नगर पालिका भुसावर क्षेत्र के वार्ड नंबर 1 से 25 तक 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक इन शिविरों का आयोजन होगा।

अधिशासी अधिकारी सुरेश मीणा ने बताया कि शिविरों में नगर क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न जनसुविधा संबंधी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इनमें सफाई व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट की मरम्मत व नई लाइटें लगाना, टूटे फेरोकवर व क्रॉस की मरम्मत, ब्लैक स्पॉट का सुधार, पेचवर्क, सार्वजनिक पार्कों और शौचालयों की सफाई व मरम्मत, सीवरेज कनेक्शन व मरम्मत जैसे कार्य शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि शिविरों में कार्यालय में लंबित पत्रावलियों का निस्तारण, विभिन्न प्रकार के पट्टे (स्टेट ग्रांट, कच्ची बस्ती 69ए, कृषि भूमि), भू-उपयोग परिवर्तन, खांचा भूमि, नामांतरण, भवन निर्माण स्वीकृति, ट्रेड लाइसेंस, फायर एनओसी, स्ट्रीट वेंडर पंजीयन, उप-विभाजन/एकीकरण, लीज मुक्ति प्रमाण पत्र, जन्म-मृत्यु-विवाह पंजीयन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मुख्यमंत्री स्व-निधि योजना एवं प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना तथा प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित कार्य भी किए जाएंगे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 300 मामलों का निस्तारण, डिस्कॉम को मिले 60 लाख रुपये

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी (राजू शर्मा)।** विधिक सेवा प्राधिकरण के तहत शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायिक मामलों के साथ-साथ बैंक, बिजली व जलदाय विभाग से जुड़े मामलों का भी आपसी राजीनामे से निस्तारण किया गया। शहर की विभिन्न अदालतों में लंबित मामलों के समाधान के साथ ही बैंकों के लोन, बिजली-पानी के बकाया बिल, कटे हुए कनेक्शन और बिजली चोरी से संबंधित वीसीआर मामलों में भी समझौते कराए गए। लगातार जागरूकता और विभागीय प्रयासों का असर यह रहा कि केवल पांच घंटे में लगभग 300 से साढ़े तीन सौ मामलों का निस्तारण हो गया तथा उपभोक्ताओं से करीब 60 लाख रुपये की बकाया राशि जमा कराई गई। लोक अदालत समाप्त होने के बाद भी शाम को शहर स्थित बिजली घर के कैश काउंटर पर उपभोक्ताओं की लंबी कतारें लगी रहीं।

डिस्कॉम के सहायक अभियंता आर.डी. मीणा ने बताया कि गोविन्द सिंह (अधिशाषी अभियंता) के निर्देशन में पिछले पखवाड़े से डिस्कॉम की टीम उपभोक्ताओं के घरों और दुकानों पर जाकर नोटिस देकर लोक अदालत में मामले निस्तारण कराने हेतु प्रेरित कर रही थी। इस अभियान में कनिष्ठ अभियंता जगदीश मीणा व कुलदीप शर्मा सहित लाइनमैन और अन्य कर्मचारी सक्रिय रूप से जुटे रहे। शनिवार को उपभोक्ता सुबह 10 बजे से ही एडीजे कोर्ट पहुंचकर विवादों के निस्तारण हेतु राजीनामे कराते रहे और फिर निस्तारण होने पर किला गेट स्थित डिस्कॉम कार्यालय जाकर बकाया राशि जमा कराई। निस्तारण के दौरान विभाग द्वारा बकाया राशि पर पेनल्टी और ब्याज में भी राहत दी गई। लोक अदालत में गोविन्द सिंह, आर.डी. मीणा सहित डिस्कॉम के कई अभियंता व कर्मचारी पूरे दिन मौजूद रहे।

## वासुदेव देवनानी ने अजमेर में बोराज तालाब पाल टूटने से प्रभावित परिवारों को 31 लाख की सहायता दी

# निजी व भामाशाहों से मिली राशि से आपदा पीड़ितों को सीधी मदद

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर (घनश्याम दास)।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि बोराज तालाब की पाल टूटने और जलभराव की घटना एक प्राकृतिक आपदा थी, जिसमें प्रभावित परिवारों की मदद के लिए जिला प्रशासन के साथ वे स्वयं हर समय मैदान में डटे रहे। उन्होंने कहा कि इस आपदा में किसी भी तरह की जनहानि नहीं होने दी गई, और जिन परिवारों को नुकसान हुआ है, उन्हें उनकी एक माह की वेतन-भत्ते की राशि, विवेकाधीन कोष तथा भामाशाहों से प्राप्त सहयोग राशि से 31 लाख रुपये की सहायता दी जा रही है। यह राशि सरकारी मुआवजे से अलग अतिरिक्त रूप में दी गई है।

शनिवार को स्वास्तिक नगर व आसपास के जलभराव प्रभावित परिवारों को विधानसभा अध्यक्ष ने प्रशासनिक सर्वे के आधार पर सहायता राशि वितरित की। जिन परिवारों को अधिक नुकसान हुआ उन्हें 1 लाख रुपये, उसके बाद क्रमशः 40 हजार, 20 हजार, 5 हजार और 3 हजार रुपये की सहायता नगद व चेक के रूप में दी गई। उन्होंने कहा कि अजमेर उत्तर क्षेत्र के लोगों की परेशानी को वे अपनी परेशानी मानते हैं और जहां भी लोग संकट में होंगे, उनकी मदद के लिए वे स्वयं उपस्थित रहेंगे।

देवनानी ने बताया कि पाल में रिसाव की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ को अलर्ट कर मौके पर भेजा गया। पानी का बहाव बढ़ते ही प्रशासन ने बहाव क्षेत्र में स्थित घरों को खाली कराकर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। इस दौरान प्रभावितों के रहने, भोजन, दवा, दूध-पानी आदि की व्यवस्था भी की गई। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राहत कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग की और उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी स्वयं पीडि़तों के बीच पहुंचीं।

देवनानी ने कहा कि भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति रोकने के लिए शहर के सभी 12 छोटे तालाबों व नाडियों की पाल की मरम्मत कराई जाएगी। साथ ही जल निकासी मार्गों पर किए गए अतिक्रमणों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अतिक्रमणकारी चाहे कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो, उसे बख्शा नहीं जाएगा। जनता का हित सर्वोपरि है और उससे किसी प्रकार का समझौता नहीं होगा।

# आगामी दशहरा मेला 2025 को लेकर नगर पालिका कपासन की बैठक सम्पन्न

## पांच दिवसीय मेला कमेटी की पार्षद पुष्पा वैष्णवअध्यक्ष नियुक्त

बढ़ता राजस्थान



**कपासन (नि.स.)।** कपासन -दशहरा मेला 2025 के आयोजन को लेकर नगर पालिका कपासन के सभागार में शनिवार को विधायक अर्जुनलाल जीनगर एवं नगर पालिका कपासन अध्यक्ष मंजू देवी सोनी की उपस्थिति में नगर पालिका मंडल की बैठक सम्पन्न हुई।

नगर पालिका कपासन अधिशाषी अधिकारी ललित सिंह देथा ने बताया कि दशहरा मेला-2025 के आयोजन के सम्बन्ध में नगर पालिका मण्डल की बैठक का पालिका में नवनिर्मित पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार में आयोजन किया गया।

नगर पालिका उपाध्यक्ष सैयद एजाज अली ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से नगर पालिका पार्षद पुष्पा वैष्णव को दशहरा मेला 2025 हेतु कमेटी का नियुक्त किया गया।साथ ही मेले के आयोजन हेतु बजट पूर्व मेले से 20 प्रतिशत बढ़ाकर आयोजन करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।यहां शारदीय नवरात्रि में 9 दिवस नगर के धर्म स्थलों पर सजावट एवं रामलीला मंचन कार्यक्रम होंगे।इसके उपरांत रावण दहन,भव्य आतिशबाजी,सांस्कृतिक कार्यक्रम,कवि सम्मेलन,खेलकुद प्रतियोगिता के साथ 5 दिवसीय दशहरा मेला का पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम में आयोजित होगा।

इस दौरान नगर पालिका पार्षद पार्षद भैरूलाल पुर्बिया,लोकेश चौधरी,अशोक विजयवर्गीय,पुष्पा वैष्णव,पार्षद सुनीता शर्मा,कन्या देवी सोनी,वंदना स्वर्णकार,मेहबूब शाह,मुकेश पलोड़,रोशन सोनी, कुलदीप सोनी,तसनीम बानो,नरेश खटीक,खुशबूलता टेलर,लता वैष्णव,शालु टांक, हीरालाल शर्मा,मंजु देवी आचार्य,गोपाललाल पुर्बिया,कनिष्ठ अभियन्ता खेमराज सिंह गुर्जर मौजूद रहे।

इनके अलावा वरिष्ठ सहायक रामप्रसाद गायरी, गोपाल सुथार,कनिष्ठ सहायक सचिन सोनवाल, स्वास्थ्य निरीक्षक रेखा देवी,शकील मोहम्मद,हीरालाल शर्मा,विष्णु स्वर्णकार,जानकीलाल माली,स्वास्थ्य जमादार मुकेश कोदली,विशाल कोदली,कम्प्युटर ऑपरेटर राजकुमार खटीक पालिका कार्मिक उपस्थित रहे।

## सेवा पखवाड़ा, आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान और जीएसटी सुधारों पर चर्चा



**बढ़ता राजस्थान, भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जिला संगठन की ओर से सेवा पखवाड़ा, आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान और नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म्स अभियान को लेकर जिला कार्यशाला का आयोजन भाजपा जिला कार्यालय में किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में अरुण चतुर्वेदी (पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष) उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने की। इस दौरान विधायक लादूलाल पीतलिया, उदयलाल भडाना, गोपीचंद मीणा, गोपाल खंडेलवाल, महापौर राकेश पाठक, पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर, पूर्व विधायक वि_लशंकर अवस्थी सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि भाजपा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस और महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जयंती तक सेवा पखवाड़ा मनाएगी, जिसके तहत स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, नमो मैराथन, संगोष्ठियां, 'एक पेड़ मां के नाम', विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान, चित्रकला प्रतियोगिता और सांसद खेल महोत्सव जैसे विविध कार्यक्रम होंगे। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़े के साथ आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान और जीएसटी के नए प्रावधानों को भी जनता तक ले जाना होगा। उन्होंने नरेंद्र मोदी सरकार के 'वोकल फॉर लोकल' और 'विकसित भारत 2047' के विजन का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा का लक्ष्य भारत को परम वैभव की ओर ले जाना है।

## कपासन न्यायालयों के विचाराधीन प्रकरणों में से 128 प्रकरणों का निस्तारण



**बढ़ता राजस्थान, कपासन (नि.स.)।** कपासन -ताल्लुका विधिक सेवा समिति कपासन के तत्वावधान में द्वितीय शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।जिसमे विधिक सेवा समिति अध्यक्ष एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश कपासन डॉ. महेन्द्र सोलंकी की अध्यक्षता में गठित बेंच तथा सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट कपासन नीलम नाहर की गठित न्यायपीठ में विचाराधीन प्रकरणों में से 128 प्रकरणों का निस्तारण किया तथा कुल 38,011,864 रू. की राशि का अवार्ड पारित किया गया।इसी प्रकार बिजली विभाग, बैंको एवं अन्य वित्तीय संस्थाओं,दूरसंचार,जलदाय विभाग के प्रि-लिटिगेशन संबंधित 2651 प्रकरणों को लोक अदालत हेतु चिन्हित किया गया।जिसमे 101 प्रकरणों में राजीनामे से 5,687,714 रू. की रिकवरी की गयी।बिजली के बकाया बिलों पर 50 प्रतिशत की भारी छूट के साथ राजीनामा से प्रकरणों का निस्तारण किया गया।जिस कारण लोगो ने उत्साह के साथ लोक अदालत में भाग लेकर लाभान्वित हुवे।

ताल्लुका विधिक सेवा समिति कपासन के सचिव देव तिवारी ने बताया कि इस अवसर पर लोक अदालत पीठ के सदस्य अधिवक्ता सुरेश कुमार बापना,बार एसोसिएशन कपासन अध्यक्ष राधेश्याम वैष्णव, न्यायालय रीडर दिलीप कुमावत,अनिल मीणा, कर्मचारी सुनील जांगिड,लोकेश मीना,योगेन्द्र गहलोत, सोहनलाल पूर्बिया,कमलेश कुडी,राजू रेगर,विकास यादव,भगवानलाल रेगर,स्वयंसेवक ऋषि भट्ट, शाहरूख खान,शंभुलाल भील,पंकज भट्ट,आशीष सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी तथा पक्षकारान द्वारा उपस्थित होकर लोक अदालत में समस्त मुकदमों का निस्तारण आपसी सुलह व समझाईश से कराया गया। जिससे पक्षकारान के मध्य भाईचारा एवं सौहार्द का बना रहे।

## अवैध नकली शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, धोलादाता से भारी मात्रा में जखीरा जब्त



**बढ़ता राजस्थान, ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर आबकारी विभाग ने अवैध नकली शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए धोलादाता गांव में दबिश दी। यह कार्रवाई राजसमंद और ब्यावर आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने अंजाम दी।दबिश के दौरान दिलीप सिंह के रिहायशी मकान से 144 नकली पव्वे हीर-रांझा, 8 लीटर नकली शराब, 3200 विभिन्न ब्रांड के देसी-अंग्रेजी शराब के ढक्कन, 120 ओल्ड मोंक बॉटल लेवल, 600 हॉलमार्क व शाहिद ढक्कन पैकिंग मशीन बरामद की गई।आबकारी विभाग की कार्रवाई में मौके से आरोपी दिलीप सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। बरामद सामग्री को जब्त कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है।विभागीय अधिकारियों ने बताया कि नकली शराब के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## डीएफसी लाइन की केबल काटते रंगे हाथ पकड़ा गया युवक

**बढ़ता राजस्थान, ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर आरपीएफ थाना पुलिस ने मिल रोड फाटक के पास डीएफसी टावर पर केबल चोरी करते एक युवक को रंगे हाथ दबोच लिया। पेट्रोलिंग टीम की सूचना पर एएसआई कन्हैयालाल मीणा व कांस्टेबल अश्विनी मौके पर पहुंचे और आरोपी बराखन टॉडगढ़ निवासी मुकेश कुमार (23) को गिरफ्तार किया। युवक पहले ही नीचे से केबल काट चुका था और ऊपर से भी काटने की कोशिश कर रहा था। पुलिस ने काटी गई केबल बरामद कर डीएफसी अधिकारियों की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया।

## शहर चलो अभियान-2025 (सेवा पखवाड़ा) को लेकर बैठक आयोजित

**बढ़ता राजस्थान, चित्तौडग़ढ़।** राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार आगामी 15 सितम्बर से जिले में शहर चलो अभियान-2025 (सेवा पखवाड़ा) प्रारम्भ किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य शहरवासियों की समस्याओं का समाधान उनके घर के निकट ही करना तथा शहरी क्षेत्रों को स्वच्छ, सुन्दर और सुव्यवस्थित बनाना है।जिला कलक्टर आलोक रंजन ने शनिवार को ष्ठह्रढ्ढञ्ज के वीसी रूम में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान वार्ड स्तर पर विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी तथा आमजन की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता से किया जाएगा।

## युवा प्रतिभाओं का होगा सम्मान, विप्र गौरव सम्मान 2025 की तैयारी बैठक संपन्न



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** विप्र सेना जिला शाखा ब्यावर की ओर से विप्र गौरव सम्मान 2025 का आयोजन 21 सितंबर को स्थानीय केशरी नंदन गार्डन में सायंकाल 3 बजे से किया जाएगा। इस अवसर पर जिले के वे छात्र-छात्राएं सम्मानित होंगे जिन्होंने सत्र 2024-25 में राजस्थान बोर्ड एवं केंद्रीय बोर्ड की कक्षा 10 और 12 की परीक्षा में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक अर्जित किए हैं। इसके साथ ही राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में पदक विजेता एवं इस सत्र में एमबीबीएस व आईआईटी में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का भी सम्मान किया जाएगा। समारोह की तैयारी को लेकर प्रदेश सलाहकार समिति सदस्य राजेंद्र शर्मा रीको की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सफल आयोजन हेतु विभिन्न समितियों का गठन कर जिम्मेदारियां सौंपी गईं और भामाशाहों से खुले हृदय से आर्थिक सहयोग की अपील की गई। बैठक में जिला कार्यकारिणी सदस्य, प्रकोष्ठ अध्यक्ष एवं समाज के गणमान्यजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## अजमेर दरगाह में बाल विवाह मुक्त अभियान

### ख्वाजा साहब की दरगाह के सामने से बाल विवाह समाप्त करने का संयुक्त आह्वान




बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (नि.स.)।** राजस्थान महिला कल्याण मंडल द्वारा संचालित एक्सेस टू जस्टिस कार्यक्रम के तहत चाइल्ड मैरिज फ्री वर्ल्ड अभियान के अंतर्गत 12 से 14 सितंबर तक विशेष जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज में बाल विवाह की प्रथा को समाप्त करना है, अजमेर की विश्व प्रसिद्ध ख्वाजा गरीब नवाज दरगाह शरीफ के मुख्य द्वार के समक्ष आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक संगठनों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। और अभियान को समर्थन दिया। संस्था निदेशक राकेश कुमार कौशिक ने बताया कि कार्यक्रम में दरगाह खादिमों की संस्था अंजुमन कमेटी, चिश्ती फाउंडेशन, तारागढ़ दरगाह के खादिम तथा गरीब नवाज वेलफेयर सोसाइटी अजमेर के सहयोगकर्ताओं ने भाग लिया। इन संगठनों के प्रतिनिधियों ने बाजार में घूम-घूमकर लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया।

उपनिदेशक नानूलाल प्रजापति ने बताया कि संस्था के द्वारा अभियान राज्य के अजमेर, बीकानेर, नागौर, डीडवाना कुचामन, चूरू, झुंझुनूं सहित छः जिलों में संचालित किया जा रहा है। ऐतिहासिक दरगाह बाज़ार, अजमेर शरीफ़ आज एक सशक्त जागरूकता आंदोलन का केंद्र बना। यह आयोजन वैश्विक बाल विवाह समाप्ति अभियान (12-14 सितम्बर 2025) के अंतर्गत किया गया। राजस्थान महिला कल्याण मंडल द्वारा चिश्ती फ़ाउंडेशन, अजमेर शरीफ़ के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में आध्यात्मिक नेताओं, समुदाय प्रतिनिधियों और क़ानूनी विशेषज्ञों ने मिलकर बाल विवाह के खिलाफ सामूहिक कार्रवाई का संकल्प लिया।

प्रमुख प्रतिभागियों में शामिल रहे- सैयद असलम हुसैन चिश्ती -मेंबर, अंजुमन सैयदज़ादगान, हाजी सैयद सलमान चिश्ती -गद्दीनशीन दरगाह अजमेर शरीफ़ एवं चेयरमैन, चिश्ती फ़ाउंडेशन,एडवोकेट सैयद दानिश अली, एडवोकेट सैयद शहनवाज़ चिश्ती सैयद मेहराज चिश्ती।

## बिजली बिलिंग में गड़बड़ी कर जनता से अवैध लूट, कांग्रेस नेता रामेश्वर मेवाड़ा का आरोप

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** अजमेर विद्युत वितरण निगम ब्यावर पर गंभीर आरोप लगाते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष नगरपरिषद, एडवोकेट रामेश्वर मेवाड़ा ने कहा कि निगम द्वारा जनता के साथ अवैध लूट की जा रही है। उन्होंने बताया कि उनके निवास का सितम्बर 2025 का बिजली बिल (के न. 11044125820) जारी किया गया है, जिसमें वर्तमान पठन 28398 व गत पठन भी 28398 ही दर्शाया गया है, जबकि उपभोग शून्य होना चाहिए था। इसके बावजूद बिल में 923 यूनिट की खपत दर्शाकर राशि वसूल की गई है। मेवाड़ा ने इसे धोखाधड़ी करार देते हुए दोषी कार्मिकों पर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही उन्होंने ठेकेदार कंपनी को ब्लैकलिस्ट करने और शहर के सभी स्पॉट बिलिंग की जांच कर उसे सार्वजनिक करने की भी मांग उठाई है।




## जिले के महाविद्यालयों में शुरू होगा हार्टफुलनेस निबंध लेखन कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** भीलवाड़ा जिले के सभी महाविद्यालयों में छात्रों के सर्वांगीण विकास, सकारात्मकता और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से हार्टफुलनेस एजुकेशन ट्रस्ट एवं श्री रामचंद्र मिशन द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय स्तर के हार्टफुलनेस निबंध लेखन कार्यक्रम-2025 को आगे बढ़ाने की पहल की गई है। इस पहल को माणिक्य लाल वर्मा राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संतोष आनंद ने जिले के सभी महाविद्यालयों में आयोजित करवाने की सहमति दी है। हार्टफुलनेस के जिला समन्वयक योगेश लढ़ा ने बताया कि प्राचार्य डॉ. संतोष आनंद, प्रबंधक शिव नुवाल और डॉ. कश्मीर भट्ट की उपस्थिति में हार्टफुलनेस प्रशिक्षक सीता देवी शर्मा और अभ्यासी हेमेंद्र सुखवाल ने इस कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।

**रविवार को अग्रसेन जयंती का अग्र वाहन रैली व ध्वजारोहण से आगाज**

# अग्रवाल समाज के कुल प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन जी की 5149 वी जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी

बढ़ता राजस्थान




**अजमेर (मोहम्मद नज़ीर कादरी)।** महाराजा श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव समिति के मुख्य संयोजक अशोक पंसारी व शिवशंकर फतहपुरिया ने बताया कि अग्रकुल प्रवर्तक महाराजा श्री अग्रसेन जी की 5149वी जयन्ती श्री अग्रसेन जयन्ती महोत्सव समिति के तत्वाधान में अग्रवाल पाठशाला सभा भवन में 14 सितम्बर से प्रारम्भ हो रहे 11 दिवसीय कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाई जायेगी। मुख्य संयोजक लोकेश अग्रवाल व शैलेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत 14 सितम्बर को वाहन व साइकिल रैली, ध्वजारोहण से महोत्सव की शुरुआत होगी। 15 से 21 सितम्बर तक केरम, क्रिकेट, शतरंज, ड्राइंग, पेंटिंग, महिला खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम, मस्ती की पाठशाला व नच बलिये जैसे विविध आयोजन होंगे। 18 सितम्बर को मुंबई के कलाकारों द्वारा *दी ग्रेट महाराजा अग्रसेन शो* मुख्य आकर्षण रहेगा। 21 सितम्बर को अग्रसेन स्कूल में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित होगा। 22 सितम्बर को शोभायात्रा निकाली जाएगी, जबकि 23 सितम्बर को सांस्कृतिक संध्या व सम्मान समारोह होगा। 24 सितम्बर को सामूहिक प्रसादी के साथ महोत्सव का समापन किया जाएगा।

**विशाल स्वेच्छिक रक्तदान शिविर:** मुख्य संयोजक लोकेश अग्रवाल व शैलेंद्र अग्रवाल नें बताया की रक्तदान का आयोजन इस बार भी विशाल स्तर पर किया जा रहा है विशाल रक्तदान में शिविर सभी समाज (आमजन) के पुरुष एवं महिलाये रक्तदान दे सकते हैं विशाल रक्तदान शिविर 21 सितंबर को अग्रसेन स्कूल प्रांगण में प्रातः 9:00 बजे से 2 बजे तक रहेगा जिसमें मित्तल हॉस्पिटल, जे एल एन व त्रिवेणी ब्लड बैंक के चिकित्सकों की टीम उपलब्ध रहेगी ।

# नेपाल में सामान्य होने लगे हालात...



नेपाल में अब हालात सामान्य हो रहे हैं। पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की के नेपाल के अंतरिम प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने के एक दिन बाद शनिवार को काठमांडू में एक चौराहे को पार करते वाहन।



नेपाल की अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान घायल हुए लोगों से शनिवार को अस्पताल में मुलाकात की।



नेपाल के काठमांडू में महाराजगंज मेडिकल कैंपस के बाहर सरकार विरोधी प्रदर्शनों के पीड़ित एक परिवार के सदस्य।

## भूपेन हजारिका जन्म शताब्दी समारोह

# भारत को एकजुट करते हैं हजारिका के गीतः मोदी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि 'भारत रत्न' से अलंकृत भूपेन हजारिका के गीत आज भी भारत को एकजुट करते हैं और लोगों में ऊर्जा का संचार करते हैं। हजारिका के जन्म शताब्दी समारोह को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि उनका संगीत 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की अवधारणा को समाहित करता है।

उन्होंने कहा कि आज भूपेन दा भले ही शारीरिक रूप से मौजूद नहीं हैं, लेकिन उनकी आवाज लोगों को ऊर्जा देती है। उनके गीत भारत को एकता के सूत्र में पिरोते हैं। उनका संगीत 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की अवधारणा को समेटे हुए है। वह भारत की सांस्कृतिक परंपराओं में रचे-बसे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि हजारिका ने उस समय एकजुट पूर्वोत्तर के लिए आवाज उठाई, जब क्षेत्र में हिंसा का दौर चरम पर था।



उन्होंने कहा कि भूपेन हजारिका को 'भारत रत्न' से अंलकृत किया जाना पूरे पूर्वोत्तर के लिए सम्मान की बात है। इस मौके पर मोदी ने महान गायक के जीवन पर आधारित एक पुस्तक का विमोचन किया। उन्होंने हजारिका की याद में 100 रुपए का विशेष सिक्का भी जारी किया। प्रधानमंत्री ने कहा, मैं असम में भूपेन हजारिका के जन्म शताब्दी समारोह का हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं।

### इंफाल और चूड़ाचांदपुर की सड़कों पर उमड़ी भीड़

प्रधानमंत्री मोदी के मणिपुर दौरे के दौरान चूड़ाचांदपुर और इंफाल में उनके स्वागत में सड़कों के दोनों ओर बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हुए। इंफाल हवाई अड्डे से कंगला किले तक सात किलोमीटर के रास्ते में और चूड़ाचांदपुर के शांति मैदान जाते समय लोगों ने नारे लगाकर और राष्ट्रीय ध्वज लहराकर प्रधानमंत्री का स्वागत किया।

### पीएम की परियोजनाएं मील का पत्थर

ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से मिजोरम में शनिवार को बैराबी-सैरांग रेलवे लाइन के उद्घाटन और मणिपुर में कई परियोजनाओं की शुरुआत को भारत की विकास यात्रा में ऐतिहासिक मील का पत्थर बताया। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, यह नया संपर्क मार्ग मिजोरम और पूर्वोत्तर के लिए व्यापार, वाणिज्य और अवसरों में व्यापक बदलाव लाएगा।

### रेल नेटवर्क से जुड़ना ऐतिहासिक दिन

**आईजोल।** मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने कहा कि आज का दिन राज्य के लिए ऐतिहासिक दिन है क्योंकि राज्य देश के रेल नेटवर्क से जुड़ गया है। इसका दूरगामी प्रभाव होगा क्योंकि यह राज्य और भारत के बीच सपनों और वास्तविकताओं का सेतु बनेगा। पीएम मोदी द्वारा मिजोरम की पहली रेल लाइन का उद्घाटन करने पर पहली राजधानी एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाए जाने के अवसर पर लालदुहोमा एक सभा को संबोधित कर रहे थे।

## विश्व मुक्केबाजी के फाइनल में पहुंची मीनाक्षी



**लिवरपूल।** भारतीय मुक्केबाज मीनाक्षी हुड्डा ने शनिवार को विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के 48 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में मंगोलिया की लुत्सैखानी अल्टांटसेत्सेग को हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। वह इस प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचने वाली तीसरी भारतीय मुक्केबाज है। इस जीत के साथ 24 साल की मीनाक्षी ने राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता जैस्मीन लंबोरिया (57 किग्रा) और हैवीवेट मुक्केबाज (80 किग्रा से अधिक) नूपुर श्योराण के साथ फाइनल में जगह बनाई।

## भाजपा अध्यक्ष का कांग्रेस पर प्रहार

# विपक्ष गैर जिम्मेदार व सत्ता का भूखाः नड्डा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शनिवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दिवंगत मां का बार-बार अपमान करना कांग्रेस की 'घृणित मानसिकता' को दर्शाता है। उन्होंने दावा किया कि विपक्षी राजनीतिक पार्टियों को जनता से करारा जवाब मिलेगा। नड्डा ने पटना में एक समारोह को संबोधित करते हुए विपक्ष को 'गैर-जिम्मेदार' और 'सत्ता का भूखा' करार दिया। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर मतदाता सूची में हेराफेरी के आरोपों में 'असंगतता' का आरोप लगाया।

नड्डा ने पिछले महीने 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान दरभंगा में हुई घटना और विपक्षी दल द्वारा सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक एआई-जनरेटेड वीडियो का हवाला देते हुए कहा कि कांग्रेस का नया वीडियो इस बात की पुष्टि करता है कि उनकी मानसिकता कितनी गंदी है।

उन्होंने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण पर आपत्ति जताने के लिए लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की भी आलोचना की और कहा कि महाराष्ट्र के बारे में उनके आरोप कभी भी एक जैसे नहीं रहे हैं। कभी वह आरोप लगाते हैं कि पिछले साल विधानसभा चुनावों से पहले 70 लाख मतदाता जोड़े गए थे, तो कभी वह यह संख्या एक करोड़ बताते हैं।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

## अमेरिकी राष्ट्रपति की रूस से तेल नहीं खरीदने की अपील

# चीन पर 50-100 फीसदी टैरिफ लगाएं नाटो देशः डोनाल्ड ट्रंप

बढ़ता राजस्थान

**नईदिल्ली (एजेंसी)** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को कहा कि उनका मानना है कि यदि नाटो के सभी सदस्य देश रूस से तेल खरीदना बंद कर दें और रूसी पेट्रोलियम खरीदने को लेकर चीन पर 50 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक 'टैरिफ' (शुल्क) लगा दें, तो रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म हो जाएगा।

ट्रंप ने एक सोशल मीडिया साइट पर की पोस्ट में कहा कि युद्ध जीतने के लिए नाटो की प्रतिबद्धता 100 प्रतिशत से भी कम रही है और उत्तरी अटलांटिक गठबंधन संधि (नाटो) के कुछ सदस्यों द्वारा रूसी तेल की खरीद चौंकाने वाली है। उन्होंने कहा कि यह रूस के साथ आपकी बातचीत की स्थिति और सौदेबाज़ी की शक्ति को बहुत कमजोर करता है। ट्रंप ने अपनी पोस्ट में कहा कि रूसी तेल पर



नाटो द्वारा प्रतिबंध और चीन पर 'टैरिफ' लगाए जाने से इस घातक, लेकिन हास्यास्पद युद्ध को समाप्त करने में भी बहुत मदद मिलेगी।

### जी-7 भी लगाए प्रतिबंध

अमेरिका ने जी7 देशों से रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर शुल्क लगाने का अनुरोध किया है। अमेरिका ने जोर देकर कहा कि केवल एकीकृत प्रयास से ही मॉस्को की युद्ध मशीन को धन मुहैया कराने वाले स्रोत को बंद किया जा सकता है। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट और व्यापार प्रतिनिधि राजदूत जैमीसन ग्रीर ने जी7 के वित्त मंत्रियों के साथ बातचीत की और उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अपील के बारे में बताया। ट्रंप ने इन देशों से रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर शुल्क लगाने का आह्वान किया है। कनाडा के वित्त और राष्ट्रीय राजस्व मंत्री फ्रांस्वा-फिलिप शैम्पेन ने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध खत्म करने के लिए रूस पर दबाव बढ़ाने के और उपायों पर चर्चा करने के लिए जी7 के वित्त मंत्रियों की एक बैठक की अध्यक्षता की। जी7, अमेरिका, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान और ब्रिटेन सहित समृद्ध, औद्योगिक देशों का एक अंतर-सरकारी समूह है। बातचीत के बाद अमेरिकी वित्त विभाग के एक बयान में कहा कि जी-7 के वित्त मंत्रियों के साथ बातचीत के दौरान विदेश मंत्री बेसेंट ने राष्ट्रपति ट्रंप के हमारे जी-7 साझेदारों से किए गए आह्वान को दोहराया कि यदि वे यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने के लिए सचमुच प्रतिबद्ध हैं, तो उन्हें रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर शुल्क लगाने में अमेरिका का साथ देना चाहिए। बयान में किसी देश का नाम नहीं लिया गया। लेकिन अमेरिका अक्सर भारत और चीन पर रूस से तेल खरीदने का आरोप लगाता रहा है। हालांकि उसने चीन पर इसके लिए कोई शुल्क नहीं लगाया है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बहता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड खण्डवा, निवाई टोंक (राज.) से मुदित एवं 185/ 116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888, जयपुर फोन नं. 0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास ई, टोंक मो.नं. 9414823448 अलवर कार्यालय मेहताब सिंह का नोहरा, अलवर मो.नं. 7733000123, कोटा कार्यालय छावनी मेन रोड, कोटा मो.नं. 7023350734। ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com "पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार